RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-244 | जयपुर, बुधवार, 25 मार्च 2026 | मूल्य-4 रूपये

पश्चिम एशिया संकट पर राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा- युद्ध ने वैश्विक संकट खड़ा किया

# ईरान जंग जारी रही तो गंभीर नतीजे होंगे: मोदी

### ऊर्जा सुरक्षा के लिए भारत का कदम- 2500 जहाज तैयार करने पर खर्च होंगे 70,000 करोड़ रुपये

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से भारत में स्थिति चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल जैसे जरूरी सामान की सप्लाई प्रभावित हो रही है।

पीएम ने कहा कि फर्टिलाइजर की सप्लाई प्रभावित हो रही है। होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसा हुआ है। जरूरी है कि भारत की संसद की उच्च सदन से शांति और संवाद की एकजुट आवाज पूरी दुनिया तक जाए।

पीएम ने कहा कि युद्ध की शुरूआत के बाद से मैंने वेस्ट एशिया के देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बात की है। गल्फ के देशों के साथ बात कर रहे हैं। अमेरिका और इजराइल के संपर्क में हैं।



उन्होंने कहा कि हमने होर्मूज स्ट्रेट खोले जाने पर बात की है। कमर्शियल जहाज पर हमला अस्वीकर है। भारत ने इस समस्या के समाधान के लिए संवाद का रास्ता सुझाया है। किसी के भी जीवन पर संकट मानवता के हित में नहीं है। राज्यसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि ऊर्जा आयात के लिए विदेशी जहाजों पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने 70,000 करोड़ रुपये की विशाल स्वदेशी जहाज निर्माण परियोजना शुरू की है। इस परियोजना के तहत 2500 स्वदेशी जहाजों का निर्माण होना है। यह कदम इस बात का संकेत है कि भारत वैश्विक अस्थिरता के बीच अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

#### विदेशी जहाजों पर 90% निर्भरता और रणनीतिक जोखिम

भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था की ऊर्जा जरूरतें काफी हद तक आयात पर टिकी हैं। प्रधानमंत्री ने उच्च सदन को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि जब भी कोई वैश्विक चुनौती या संकट आता है, तो भारत को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसका मुख्य कारण यह है कि देश में आने वाले पेट्रोलियम पदार्थों का 90 प्रतिशत हिस्सा विदेशी जहाजों के माध्यम से ही आयात किया जाता है। लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्टेशन के इसी जोखिम से निपटने के लिए सरकार ने 70,000 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी स्वदेशी जहाज निर्माण परियोजना की आधारशिला रखी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सरकार सभी उपलब्ध स्त्रोतों से गैस और कच्चे तेल की खरीद करने की कोशिश कर रही है, और आने वाले दिनों में भी प्रयास जारी रहेंगे क्योंकि पश्चिम एशिया में युद्ध ने वैश्विक स्तर पर एक गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है।

राज्यसभा में एक बयान में मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध चिंता का विषय है और भारत संवाद और कूटनीति के माध्यम से इस क्षेत्र में शांति चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत का उद्देश्य युद्ध को कम करना और होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना है, और देश का प्रयास सभी वर्गों को सभी मुद्दों को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर पश्चिम एशिया का संकट लंबे समय तक बना रहता है, तो गंभीर परिणाम सामने आने की आशंका है।

भारत द्वारा ऊर्जा सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 53 लाख मीट्रिक टन रणनीतिक तेल भंडार सृजित किए गए हैं; 65 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त क्षमता पर काम जारी है।

## देश में तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने के दिए निर्देश

नई दिल्ली (एजेंसी)।

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्र सरकार ने देश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है। सरकार ने एलपीजी की आपूर्ति को सामान्य बताने के साथ ही पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। एलपीजी से भरे भारत के दो जहाज पाइन गैस और जग वसंत नौसेना की निगरानी में भारत की ओर बढ़ रहे हैं और दोनों जहाजों ने सुरक्षित रूप से होर्मुज को पार कर लिया। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सभी रिटेल आउटलेट्स पर काम सामान्य रूप से चल रहा है। हमारे फ्यूल स्टेशनों पर पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। अफ़वाहों पर ध्यान न दें। शर्मा ने कहा सोमवार को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड ने सभी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन संस्थाओं को निर्देश दिया है कि वे पांच दिनों के भीतर आवासीय स्कूलों, कॉलेजों, हॉस्टलों, कम्युनिटी किचन, आंगनवाड़ी आदि



को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराएं, जहां भी आस-पास पाइपलाइन का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो। ग्राहकों को एलपीजी सिलेंडर भी दिए जा रहे हैं। घरेलू ग्राहकों के लिए पीएनजी की सप्लाई 100 फीसदी है।

शिपिंग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश सिन्हा ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय जहाज और नाविक सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में किसी भी समुद्री घटना की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि कल देर शाम भारत का झंडा लगे दो एलपीजी कैरियर जहाज 'पाइन गैस और जग वसंत' ने सुरक्षित रूप से होर्मुज को पार कर लिया है। वे भारत की ओर बढ़ रहे हैं। सिन्हा ने कहा पाइन गैस में 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी है, इसके 27 मार्च की सुबह तक न्यू मैंगलोर बंदरगाह पर पहुंचने की संभावना है।

ट्रंप ने मोदी को किया फोन, पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा

## होर्मुज का खुला सुरक्षित और सुगम बने रहना दुनिया के लिए बेहद जरूरी

नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में पिछले 25 दिनों से जारी सैन्य संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात पर विस्तृत चर्चा की और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बहाल करने के प्रयासों को लेकर संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उन्हें फोन कर पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात पर बातचीत की। भारत क्षेत्र में तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाली का समर्थन करता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला, सुरक्षित और सभी के लिए सुलभ रहना वैश्विक हित में आवश्यक है। मोदी व ट्रंप ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाली के प्रयासों को लेकर संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है व वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर इसका असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। इसके पहले नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी डोनाल्ड ट्रंप व नरेंद्र मोदी की बातचीत की जानकारी एक्स पर साझा की।

## सऊदी ने ट्रम्प से कहा-ईरान पर हमले जारी रखें, मौजूदा सरकार को खत्म किया जाए

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से ईरान पर हमले जारी रखने के लिए कहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों नेताओं के बीच हालिया बातचीत में क्राउन प्रिंस ने कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार को खत्म कर देना चाहिए। यह मिडिल ईस्ट को बदलने का अहम मौका है। रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि सऊदी ईरान को खाड़ी क्षेत्र के लिए खतरा मानता है। उसका मानना है कि इस खतरे को खत्म करने के लिए ईरान में सत्ता परिवर्तन जरूरी है। हालांकि, सऊदी सरकार ने इन दावों को खारिज किया है। उसने कहा कि उसकी आधिकारिक नीति अब भी इस संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान ढूंढने की है और वह किसी भी तरह के युद्ध विस्तार के पक्ष में नहीं है।

## रेलवे टिकट 8 घंटे पहले कैंसिल करने पर ही रिफंड

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने टिकट कैंसिल करने के नियम सख्त कर दिए हैं। अब अगर कोई यात्री ट्रेन छूटने से 8 घंटे पहले तक टिकट रद्द करता है, तभी उसे रिफंड मिलेगा। पहले यह समय 4 घंटे था, जिसे बढ़ाकर अब 8 घंटे कर दिया गया है। हालांकि, 24 से 8 घंटे के बीच टिकट कैंसिल करने पर अभी भी 50% पैसा ही वापस मिलेगा।

इसके अलावा, अब यात्री ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन भी बदल सकते हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि यह बदलाव इसलिए किया गया है, ताकि एजेंट और दलाल टिकटों की जमाखोरी न कर सकें। नए नियम 1 से 15 अप्रैल 2026 के बीच अलग-अलग फेज में लागू होंगे।

## तेरह साल से कोमा में पड़े हरीश को मिली इच्छामृत्यु एम्स में ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली।** देश में निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की अनुमति पाने वाले पहले हरीश राणा का मंगलवार को एम्स में निधन हो गया। एम्स ने बयान में कहा कि हरीश ने मंगलवार को शाम 4.10 बजे अंतिम सांसें ली। वे समर्पित चिकित्सकों की टीम की देखरेख में थे। एम्स ने हरीश राणा के परिवार और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। हरीश राणा का मामला देश में 'गरिमा के साथ मृत्यु के अधिकार' (राइट टू डाई विद डिग्निटी) पर एक ऐतिहासिक निर्णय माना गया था।

## गुजरात यूसीसी बिल पास करने वाला दूसरा राज्य बना

**गांधीनगर।** गुजरात सरकार ने विधान सभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल 2026 पेश किया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इसे 'गुजरात बिल नंबर 17 ऑफ 2026' के रूप में सदन में प्रस्तुत किया, जिस पर विस्तृत चर्चा हुई। बिल पेश किए जाने के दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने 'जय श्री राम' के नारे भी लगाए। इस कदम के साथ गुजरात, उत्तराखंड के बाद यूसीसी लागू करने की दिशा में आगे बढ़ने वाला दूसरा राज्य बन गया है। प्रस्तावित कानून का उद्देश्य सभी धर्मों के नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों से जुड़े नियमों को एक समान बनाना है।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 5वीं, 8वीं और 10वीं का रिजल्ट जारी

## लड़कियां फिर आगे, 94.23 प्रतिशत रहा 10वीं बोर्ड का परिणाम

### लड़कियों का परिणाम 94.90 प्रतिशत जबकि लड़कों का परिणाम 93.63 प्रतिशत रहा

अजमेर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को कक्षा 5वीं, 8वीं और 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। इस वर्ष कक्षा 10वीं का कुल परिणाम 94.23 प्रतिशत रहा, जो पिछले साल के 93.06 प्रतिशत से 1.17 प्रतिशत अधिक है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अजमेर स्थित कार्यालय से शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने दोपहर करीब एक बजे रिजल्ट की घोषणा की। इस बार भी लड़कियां परिणाम में आगे रहीं।



लड़कों का परिणाम 93.63 प्रतिशत, जबकि लड़कियों का परिणाम 94.90 प्रतिशत रहा। रिजल्ट जारी होने के तुरंत बाद बोर्ड की वेबसाइट कई जगह धीमी पड़ गई या खुलने में दिक्कत आने लगी। इसके चलते बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपना परिणाम देखने में परेशानी का सामना करना पड़ा। यह पहला मौका है जब 10वीं का परिणाम 12वीं से पहले जारी किया है। साथ मार्च माह में रिजल्ट घोषित होना भी बोर्ड के इतिहास में पहली बार हुआ। सरकार द्वारा एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू करने के निर्देशों के चलते इस बार परिणाम समय से पहले जारी किया।

राजस्थान में कक्षा 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम मंगलवार दोपहर करीब एक बजे जारी कर दिया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने रिजल्ट जारी किया। प्रारंभिक शिक्षा एवं पचायती राज विभाग की ओर से आयोजित इन दोनों परीक्षाओं में इस वर्ष कुल 26 लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। कक्षा 8वीं में 12 लाख 86 हजार 220 व कक्षा 5 में 13 लाख 68 हजार 947 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। कक्षा 5वीं की परीक्षाएं 20 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित की गई थीं, जबकि कक्षा 8वीं की परीक्षाएं 19-20 फरवरी से 4 मार्च के बीच संपन्न हुईं।

## अब भारतीय सेना की महिला अफसरों को परमानेंट कमीशन

### शॉर्ट सर्विस मामले में सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

नई दिल्ली

भारतीय सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत सेवा देने वाली महिला अधिकारियों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने सेना में महिलाओं के खिलाफ होने वाले प्रणालीगत भेदभाव को स्वीकार करते हुए अपनी विशेष संवैधानिक शक्तियों (अनुच्छेद 142) का इस्तेमाल किया। कोर्ट ने उन महिलाओं के पक्ष में फैसला दिया जिन्हें स्थायी कमीशन से वंचित रखा गया था।

सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक जिन महिला अधिकारियों ने अपनी सेवा



से हटाए जाने को लेकर अदालत में चुनौती दी थी, उन्हें 20 साल की सेवा के बराबर पेंशन पाने का हकदार माना जाएगा। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि सेना में महिलाओं के खिलाफ प्रणालीगत भेदभाव की वजह से उन्हें परमानेंट कमीशन नहीं मिल पाया।

अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि सेना में केवल पुरुषों का एकाधिकार नहीं हो सकता। जस्टिस ने साफ किया कि पुरुष अधिकारी यह उम्मीद नहीं कर सकते कि भविष्य के सभी खाली पद केवल उनके लिए ही होंगे। कोर्ट के अनुसार, अवसरों की कमी और गलत तरीके से अयोग्य ठहराए जाने के कारण महिला अधिकारियों की योग्यता और उनके करियर की प्रगति पर बुरा असर पड़ा है। यह फैसला उन महिला अधिकारियों के लिए एक बार का उपाय के रूप में आया है जो कानूनी लड़ाई के दौरान सेवा से मुक्त हो गई थीं। ध्यान देने वाली बात यह है कि यह आदेश जेएजी (जज एडवोकेट जनरल) और एईसी (आर्मी एजुकेशन कोर) कैडर की महिला अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। साथ ही, कोर्ट ने भविष्य में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चयन के तरीकों और कट-ऑफ नियमों की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया है।

## राजस्थान रॉयल्स के बाद बिकी आरसीबी फ्रेंचाइजी, 16706 करोड़ रुपए में सौदा

नई दिल्ली

आईपीएल 2026 सीजन से पहले यूनाइटेड स्प्रिट्स लिमिटेड ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी बेचने का एलान कर दिया है। यूएसएल ने आरसीबी को आदित्य बिरला ग्रुप, द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन के एक गठजोड़ को 1.78 अरब डॉलर (करीब 16706 करोड़ रुपये) के नकद सौदे में बेच दिया है। गत चैंपियन आईपीएल टीम का स्वामित्व अब इस समूह के पास होगा। एक ही दिन में दो आईपीएल फ्रेंचाइजी को नया मालिक मिला है। इससे पहले, काल सोमानी ने राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी को 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर (यानी करीब 15290 करोड़ रुपये) में खरीदा था।

इस समूह ने यूएसएल के साथ फ्रेंचाइजी में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का समझौता कर लिया है। इस सौदे में आरसीबी की पुरुष और महिला दोनों टीमों को शामिल किया गया है। यूएसएल, ब्रिटेन की डियाजियो की सहायक कंपनी है और वह अब आरसीबी से बाहर निकलना चाहती है क्योंकि यह टीम उनके मुख्य व्यवसाय का हिस्सा नहीं थी।

## 13 अप्रेल से बदलेगा राजस्थान हाईकोर्ट और अधीनस्थ अदालतों का समय

जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों के समय में बदलाव किया गया है। आगामी 13 अप्रैल से अदालतों में ग्रीष्मकालीन समय-सारिणी लागू हो जाएगी। इसके तहत अब अदालती कार्यवाही सुबह 8 बजे से शुरू होगी। यह नई व्यवस्था 28 जून तक पूरे प्रदेश में प्रभावी रहेगी। राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के रजिस्ट्रार (प्रशासन) शिवानी सिंह की ओर से इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। गर्मी के मौसम को देखते हुए अदालतों के न्यायिक और कार्यालय समय में यह बदलाव किया गया है।

**हाईकोर्ट का नया समय**

अधिसूचना के अनुसार, राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायिक कार्य अब सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इस बीच सुबह 10:30 बजे से 11 बजे तक आधे घंटे का मध्यांतर (ब्रेक) रहेगा। वहीं, हाईकोर्ट के कार्यालय का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक तय किया गया है, जिसमें 10:30 से 10:45 बजे तक 15 मिनट का विश्राम दिया जाएगा।

### अधीनस्थ (ट्रायल) अदालतों का शेड्यूल

प्रदेश की सभी ट्रायल या अधीनस्थ अदालतों में भी सुनवाई का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इन अदालतों में सुबह 10 बजे से 10:15 बजे तक 15 मिनट का ब्रेक रहेगा। इन अदालतों के कार्यालय का कार्य सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित होगा।

## धर्मांतरण करने पर अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त होगा: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े लोग ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं। अगर कोई ईसाई या किसी और धर्म में धर्मांतरण करता है तो वह अनुसूचित जाति का दर्जा खो देगा। जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाला दलित व्यक्ति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत मिलने वाले किसी भी लाभ का दावा नहीं कर सकता है। यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के फैसले के खिलाफ सुनाया गया। धर्म परिवर्तन के बाद पादरी बने चिंथदा आनंद ने याचिका लगाई थी कि उन्हें अक्काला रामिरेड्डी समेत कुछ लोगों से जातिगत भेदभाव और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। चिंथदा ने SC-ST एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया था। मामला हाईकोर्ट पहुंचने पर इस पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। इसके बाद चिंथदा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

## पाकिस्तान दुनिया का सबसे प्रदूषित देश, भारत का छठा नंबर

### यूपी के लोनी शहर की हवा दुनिया में सबसे खराब, नई दिल्ली चौथे नंबर पर

नई दिल्ली

स्विस कंपनी 'आइक्यूएयर (IQAir)' की जारी आठवीं 'विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2025' ने वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर को उजागर किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान लगातार दूसरे वर्ष दुनिया का सबसे प्रदूषित देश बना हुआ है। इसके बाद बांग्लादेश, ताजिकिस्तान, चाड और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य का नंबर है।भारत इस सूची में छठे स्थान पर है, जबकि चीन 20वें, ब्रिटेन 110वें और अमेरिका 120वें स्थान पर है। चिंताजनक तथ्य यह है कि उत्तर प्रदेश का लोनी




शहर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शीर्ष पर है, जबकि दिल्ली चौथे स्थान पर है।

भारत के लिए यह रिपोर्ट डराने वाली है क्योंकि दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से पांच अकेले भारत के हैं। इनमें लोनी, बर्नीहाट (मेघालय), दिल्ली, गाजियाबाद और उला (बंगाल) शामिल हैं। उत्तर प्रदेश का लोनी शहर पीएम 2.5 के वार्षिक औसत सांद्रता 112.5 स्तर के साथ दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित किया गया है। यह स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से 22 गुना अधिक है और 2024 की तुलना में इसमें 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

देश की राजधानी दिल्ली दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में चौथे स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार, 'दुनिया के 25 सबसे प्रदूषित शहर भारत, पाकिस्तान और चीन में स्थित हैं। दुनिया के चार सबसे प्रदूषित शहरों में से तीन भारत में मौजूद हैं।'

दुनियाभर के 143 देशों के 9,446 शहरों के डाटा विश्लेषण से पता चलता है कि केवल 14 प्रतिशत शहर ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के वायु गुणवत्ता मानकों को पूरा कर पाए हैं। रिपोर्ट में प्रदूषण बढ़ने का एक मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन के कारण जंगलों में लगने वाली आग को बताया गया है। कनाडा और यूरोप में रिकार्ड बायोमास उत्सर्जन ने वैश्विक हवा को जहरीला बनाया है। दिलचस्प बात यह है कि इस बार कनाडा, उत्तरी अमेरिका का सबसे प्रदूषित देश रहा। मार्च 2025 में अमेरिकी विदेश विभाग के वैश्विक वायु गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रम के बंद होने से डाटा की उपलब्धता पर बुरा असर पड़ा है। 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' के अनुसार, इससे 44 देशों में निगरानी प्रयास कमजोर हुए हैं।

## कोलंबिया में वायुसेना का विमान क्रैश, 66 की मौत


### 114 कोलंबियाई सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे

बोगोटा

कोलंबिया में सोमवार को एयरफोर्स का हरक्यूलिस ष्ट-130 विमान टेक-ऑफ के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में अब तक 66 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। जबकि 4 सैनिक अभी भी लापता है।

एक सैन्य सूत्र ने AFP को बताया कि 58 सैनिक, छह वायुसेना कर्मी और दो पुलिस अधिकारी मारे गए हैं। यह हादसा पेरू सीमा के पास दक्षिणी अमेजन क्षेत्र के प्यूर्टो लेगुइजामो में हुआ।

रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने बताया कि विमान रनवे से करीब 1.5 किलोमीटर दूर जाकर गिरा। विमान में 114 सैनिक और 11 क्रू मेंबर



सवार थे। कोलंबिया की सेना ने बताया कि इस हादसे में करीब 80 सैनिकों के मारे जाने की आशंका है।

**कोलंबियाई राष्ट्रपति ने हादसे पर दुख जताया**

कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सैन्य विमान हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर हादसा है। ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए थी और जवानों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। सरकार सेना को मजबूत बनाने और बेहतर सुविधाएं देने पर काम कर रही है, ताकि आगे ऐसे हादसे न हों।

पेट्रो ने कहा कि सेना के हथियार और संसाधनों को आधुनिक बनाने का फैसला पहले ही लिया जा चुका है, लेकिन प्रशासनिक देरी के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नागरिक या सैन्य अधिकारी इस चुनौती के अनुरूप काम नहीं कर पाए, तो उन्हें हटाया जाएगा।

## डीजीसीए ने जारी किया समर फ्लाइट शेड्यूल, 29 मार्च से नई समय-सारिणी लागू

### 24 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा शेड्यूल



नई दिल्ली (एजेंसी)। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने सोमवार को घरेलू एयरलाइंस के लिए गर्मियों का फ्लाइट शेड्यूल जारी कर दिया है। यह नई समय-सारिणी 29 मार्च से लागू होकर 24 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगी। डीजीसीए ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी यात्रा से पहले संबंधित एयरलाइंस की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर उड़ानों के समय और स्थिति की दोबारा पुष्टि कर लें। साथ ही, किसी भी ऑपरेशनल इमरजेंसी या अंतिम समय में होने वाले बदलावों की जानकारी के लिए सीधे एयरलाइंस से संपर्क बनाए रखें। इससे एक दिन पहले नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए घरेलू हवाई किराए पर लागू अस्थायी मूल्य सीमा (फेयर कैप) को हटाने की घोषणा की थी। यह फेयर कैप 23 मार्च से समाप्त कर दी गई है, जिससे एयरलाइंस को किराए तय करने में अधिक स्वतंत्रता मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि फेयर कैप हटने के बाद यात्रियों को मांग और उपलब्धता के आधार पर टिकट कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। वहीं, एयरलाइंस कंपनियों के लिए यह कदम परिचालन और राजस्व प्रबंधन के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि हर साल गर्मियों और सर्दियों के लिए अलग-अलग फ्लाइट शेड्यूल जारी किए जाते हैं, ताकि बढ़ती यात्री संख्या और मौसम संबंधी परिस्थितियों के अनुसार उड़ानों का बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जा सके। यात्रियों के लिए सलाह है कि यात्रा की योजना बनाते समय पर्याप्त समय का ध्यान रखें और अपडेटेड शेड्यूल के अनुसार ही अपनी बुकिंग करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## वायुसेना अड्डे पर तैनात कर्मचारी कर रहा था पाकिस्तान के लिए जासूसी

### -इंटेलिजेंस टीम ने किया गिरफ्तार, यूपी का रहने वाला है आरोपी सुमित

डिब्रूगढ (एजेंसी)। वायुसेना और राजस्थान इंटेलिजेंस की टीम ने असम के वायुसेना अड्डे पर तैनात एक कर्मचारी को पाकिस्तान की जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुमित कुमार (36) के रूप में हुई है, जो यूपी के प्रयागराज जिले के लाहुरपार का रहने वाला है और एयरफोर्स स्टेशन में एमटीएस के पद पर कार्यरत है। मीडिया रिपोर्ट में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (खुफिया विभाग) के मुताबिक सुमित कुमार अपने पद का दुरुपयोग करते हुए भारतीय वायुसेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां एकत्रित करता था और उन्हें सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स तक पहुंचाता था। जांच में सामने आया है कि वह साल 2023 से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के संपर्क में था और पैसों के बदले गोपनीय सूचनाएं वहां पहुंचाता था। इस मामले की शुरुआत जनवरी 2026 में राजस्थान के जैसलमेर निवासी झबराराम की गिरफ्तारी से हुई थी। उससे पूछताछ में सुमित कुमार का नाम सामने आया। इसके बाद राजस्थान इंटेलिजेंस ने वायुसेना खुफिया विभाग, नई दिल्ली के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को छबुआ से गिरफ्तार किया। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी ने न केवल छबुआ एयरफोर्स स्टेशन बल्कि बीकानेर जिले के नाल एयरफोर्स स्टेशन समेत अन्य सैन्य ठिकानों से जुड़ी अहम जानकारियां भी साझा कीं। इनमें लड़ाकू विमानों की लोकेशन, मिसाइल सिस्टम और अधिकारियों व कर्मचारियों से संबंधित गोपनीय सूचनाएं शामिल हैं। इसके अलावा वह अपने मोबाइल नंबरों के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के लिए सोशल मीडिया अकाउंट बनाने में भी मदद करता था। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को राजस्थान खुफिया विभाग और वायु सेना खुफिया विभाग के संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि वह 2023 से पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के संपर्क में था और पैसों के बदले गोपनीय जानकारी देता था। व्यापक जासूसी नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए आगे की जांच जारी है। फिलहाल, आरोपी सुमित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले में व्यापक जासूसी नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान के लिए जांच एजेंसियां लगातार छानबीन कर रही हैं।

## घर में सामूहिक नमाज पढ़ने पर सुनवाई, डीएम-एसएसपी कोर्ट में होंगे पेश

### -हाईकोर्ट ने मामले को अपने आदेश की अवहेलना मानते हुए कड़ा रुख अपनाया

प्रयागराज (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट में बरेली के एक घर के अंदर सामूहिक नमाज पढ़ने के मामले में अहम सुनवाई होना है। इस मामले में बरेली के डीएम और एसएसपी को सोमवार को कोर्ट में पेश होना है। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने साफ तौर पर दोनों अधिकारियों को उपस्थित होने का आदेश दिया था। कोर्ट ने चेतावनी भी दी है कि अगर सोमवार को वे पेश नहीं हुए, तो उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया जाएगा। दरअसल, यह मामला याचिकाकर्ता तारिक खान की याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि उनके घर में सामूहिक नमाज़ पढ़ने के दौरान पुलिस ने रोकटोक की और बाद में नमाज अदा कर रहे लोगों को गिरफ्तार कर लिया। याचिकाकर्ता तारिक खान का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई गैरकानूनी और असंवैधानिक थी। हाईकोर्ट पहले ही साफ कर चुका है कि किसी भी निजी परिसर में प्रार्थना के लिए प्रशासनिक अनुमति की जरूरत नहीं है। इसके बावजूद याची और अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। हाईकोर्ट ने पूरे प्रकरण को अपने आदेश की अवहेलना मानते हुए पुलिस के रवैये पर कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने साफ कहा है कि प्रशासनिक अधिकारियों को कोर्ट के आदेश का पालन करना जरूरी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई में बरेली के डीएम और एसएसपी को सोमवार को अदालत में पेश होने को कहा था। यदि आज दोनों अधिकारी कोर्ट में नहीं पेश होते हैं, तो कोर्ट उनके खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गैर-जमानती वारंट जारी कर सकता है।

# टीएमसी चुनाव कैंपेन में अपना बंगाल बनाम बांग्ला पर कब्जा को बना रही आधार

### डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बीजेपी से मुकाबला करने डेढ़ लाख वाट्सएप ग्रुप बनाए

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 का बिगुल बज चुका है। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बीजेपी से मुकाबला करने के लिए खास तैयारी की है। जहां बीजेपी की केंद्रीय टीम डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए कैंपेन में जुटी है वहीं टीएमसी ने इसे स्थानीय स्तर पर हैंडल करने की योजना पर काम कर रही है। टीएमसी ने जमीन पर और ऑनलाइन प्लेटफार्म पर अपनी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों तक अपनी पहुंच भी बढ़ाई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम ममता बनर्जी की टीएमसी ने टीम का कहना है कि वह अपने कैंपेन में अपना बंगाल बनाम बांग्ला पर कब्जा को आधार बना रहे हैं। यूं कहें कि टीएमसी अपने डिजिटल कैंपेन में बांग्ला अस्मिता को उभार देती दिख रही है। टीएमसी मैसेज दे रही है कि अगर बीजेपी सत्ता में आ गई तो बांग्ला विरोधी एजेंडा चलाएंगे। इस अभियान को अंजाम तक पहुंचाने के लिए टीएमसी वाट्सऐप ग्रुप का सहारा ले रही है। इस नेटवर्क में पूरे पश्चिम बंगाल में 1.5 लाख से ज़्यादा ग्रुप और एक करोड़ से ज़्यादा लोग जोड़े गए हैं। इन ग्रुप्स में चुनावी सामग्री को तेजी से और बेहद व्यवस्थित तरीके से फैलाया जा रहा है।

पार्टी का दावा है कि अक्टूबर 2020 में लॉन्च किए गए 'दीदिर दूत यानी दीदी के दूत' मोबाइल ऐप के जरिए वह अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ लगातार सीधे तौर पर जुड़ी हुई हैं। इस ऐप को 18 लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है। बताया जाता है कि इसके करीब 1.3 लाख रोजाना एक्टिव यूजर्स और करीब 7.3 लाख हर महीने एक्टिव यूजर्स हैं। यह ऐप लोगों को जोड़ने और उन्हें सक्रिय करने, दोनों तरह के काम करता है। इसमें यूज़र्स को काम सौंपे जाते हैं, उन्हें पल-पल की जानकारी मिलती है, वे इंटरैक्टिव क्विज में भाग ले सकते हैं और इसमें ऐसे गेम जैसे फीचर्स भी हैं, जिनका मकसद यूजर्स को चुनाव प्रचार से जुड़ी गतिविधियों में लगातार जोड़े रखना है।

टीएमसी की आईटी सेल के प्रमुख देबांग्शु भट्टाचार्य ने कहा कि हमारी रणनीति सीधी-सादी है। हम सच बोल रहे हैं, जबकि बीजेपी झूठ फैला रही है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता जमीन पर भी और इंटरनेट पर भी, हर जगह सक्रिय हैं। सड़कों से लेकर इंटरनेट तक।' उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल को निशाना बनाने वाले बीजेपी के डिजिटल अभियानों का एक बड़ा हिस्सा ऐसे लोगों की तरफ से चलाया जाता है जो राज्य के बाहर रहते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संगठनात्मक स्तर से परे, टीमएसी के अंदरूनी सूत्रों ने इस अभियान के भावनात्मक पहलू पर भी जोर दिया। उन्होंने उन बातों की ओर इशारा किया, जिन्हें बीजेपी की ओर से बंगाल को नकारात्मक रोशनी में दिखाने की बार-बार की जाने वाली कोशिशें बताते हैं, जिसमें राजनीतिक भाषणों में 'घुसपैठिया' जैसे शब्दों का इस्तेमाल भी शामिल है। उन्होंने कहा कि टीएमसी, गरिमा, पहचान और बंगाली अस्मिता से जुड़े सवालों को सामने लाकर इसका जवाब देना चाहती है और इस चुनाव को सिर्फ़ राजनीतिक सत्ता के लिए एक मुकाबले से कहीं ज़्यादा के तौर पर पेश कर रही है। भट्टाचार्य ने कहा कि यह प्यार और जीतने की चाहत के बीच का फर्क है। उन्होंने तर्क दिया कि वोटर इस बात में फर्क कर सकते हैं कि वे किसे बंगाल से असली प्यार है और किसे सिर्फ चुनावी प्यार। जनता को समझाना है कि बीजेपी अहंकार से भरी कोशिश कर रही है।

भट्टाचार्य ने कहा कि जब वे बंगाल में हमारी योजनाओं की आलोचना करते हैं, लेकिन दूसरी जगहों पर वैसी ही योजनाएं लाने का वादा करते हैं, तो हम उनके इस विरोधाभास को सबके सामने लाते हैं। उन्होंने यह तर्क भी दिया कि इस तरह की तुलना करके पार्टी अपने इस दावे को और मजबूत करती है कि उसकी नीतियों की नकल



उसके राजनीतिक विरोधी कर रहे हैं। कुल मिलाकर टीएमसी की चुनावी रणनीति में बड़े पैमाने पर काम करने, तेजी से आगे बढ़ने और लोगों की भावनाओं से जुड़ने का मेल दिखाई देता है। इसके साथ ही पारंपरिक जमीनी स्तर पर लोगों को जोड़ने के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों से जुड़ने पर भी खास जोर दिया जा रहा है। जहां एक तरफ पार्टी अपने शासन के रिकॉर्ड और कल्याणकारी पहलों को लगातार सबसे आगे रख रही है। वहीं दूसरी तरफ वह इस चुनावी मुकाबले को और भी व्यापक सांस्कृतिक और पहचान से जुड़े मुद्दों के नजरिए से पेश करने की कोशिश भी कर रही है। वह खुद को 'असली' के तौर पर पेश कर रही है, जबकि बीजेपी के मॉडल को वह अपनी नीतियों की 'नकल' करने की कोशिश बता रही है।

## जम्मू-कश्मीर के सांबा में देर रात हुआ तेज धमाका, कई घरों के शीशे टूटे, कोई हताहत नहीं



श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के घगवाल इलाके में रविवार देर रात तेज धमाके से हड़कंप मच गया। लोअर हरसाथ गांव में हुए इस धमाके से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। हालांकि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन विस्फोट इतना तेज था कि आसपास के कई घरों के शीशे टूट गए। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि यह विस्फोट अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 10 किलोमीटर दूर घगवाल सेक्टर में स्थित गावाला तालाब में पूर्व सरपंच जयराम शर्मा के घर के मेनगेट के पास रात करीब दो बजे हुआ। उन्होंने बताया कि विस्फोट से मुख्य द्वार और चारदीवारी का एक हिस्सा ढह गया। इस धमाके में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और घटनास्थल से नमूने लिए। रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस तरह कश्मीर घाटी में पहले टारगेट किलिंग की घटनाएं सामने आती रही हैं, उसी तरह की गतिविधियों की आशंका अब जम्मू क्षेत्र में भी जताई जा रही है। इस घटना को कई लोग साजिश बता रहे हैं। वहीं पूर्व सरपंच जयराम शर्मा ने कहा कि उनके घर को निशाना बनाकर हमला किया गया है। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों से मामले की गंभीरता से जांच करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां सबूत जुटा रही हैं और विस्फोट के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं। इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## कांग्रेस ने ब्रिक्स समिट को लेकर पीएम मोदी से किए सवाल, वेस्ट एशिया संकट पर पहल करने की मांग

### -जयराम बोले- 'विश्वगुरु' का दावा करने वाली सरकार कूटनीतिक नेतृत्व क्यों नहीं दिखा रही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने वेस्ट एशिया में जारी तनाव के बीच ब्रिक्स समिट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। पार्टी ने सवाल करते हुए कहा है, कि भारत इस महत्वपूर्ण वैश्विक मंच का उपयोग क्षेत्रीय संकट के समाधान के लिए क्यों नहीं कर रहा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत इस वर्ष नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। ऐसे में सरकार को वेस्ट एशिया संकट पर ठोस कूटनीतिक पहल करनी चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि खुद को 'विश्वगुरु' बताने वाले प्रधानमंत्री इस दिशा में सक्रियता क्यों नहीं दिखा रहे।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी, डोनाल्ड ट्रम्प और बेंजामिन नेतन्याहू को नाराज नहीं करना चाहते। उनका कहना है कि केवल फोन पर बातचीत से सीमित परिणाम मिलते हैं, जबकि शिखर सम्मेलन के जरिए आमने-सामने चर्चा अधिक प्रभावी हो सकती है। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के पास होने के बावजूद वेस्ट एशिया संघर्ष पर कोई सामूहिक बयान जारी नहीं किया गया। इससे पहले भी पार्टी ने अमेरिका-इजराइल की कार्रवाई पर सरकार की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए थे।

गौरतलब है कि ब्रिक्स समिट 2026 की अध्यक्षता इस समय भारत के पास है। यह जिम्मेदारी 1 जनवरी को ब्राजील से भारत को मिली थी। इससे पहले 2025 में रियो डी जनेरियो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की प्राथमिकताओं को सामने रखा था। भारत ने ब्रिक्स मंच के लिए ह्युनिटी फर्स्ट, रेजिलेंस एंड इनोवेशन, सस्टेनबलिटी और ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने जैसे प्रमुख एजेंडे तय किए हैं। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे वैश्विक संस्थानों में सुधार की मांग भी प्राथमिकताओं में शामिल है।

# ओवैसी ने खुद को बीजेपी की 'बी-टीम' ही नहीं 'सच्चा साथी' भी साबित कर दिया

### बंगाल चुनाव में हुमायूं की पार्टी से गठबंधन को लेकर कांग्रेस समेत कई दलों ने साधा निशाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के घोषणा करने के बाद कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी नेता हुमायूं कबीर की नवगठित आम जनता उन्नयन पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ेगी। इसको लेकर सोमवार को कांग्रेस ने कहा कि धन्यवाद ओवैसी। आपने अपना धर्मनिरपेक्षता का मुखौटा हटा दिया है और दुनिया को अपना असली सांप्रदायिक चेहरा दिखा दिया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि ओवैसी ने खुद को बीजेपी की ÷बी-टीम÷ ही नहीं बल्कि उसका ÷सच्चा साथी÷ भी साबित कर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने एआईएमआईएम-एजेयूपी गठबंधन की आलोचना करते हुए कहा कि धन्यवाद, असदुद्दीन ओवैसी। आपने अपना धर्मनिरपेक्षता का मुखौटा हटा दिया है और दुनिया को अपना असली सांप्रदायिक चेहरा दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि आपने यह भी दिखा दिया कि आप न सिर्फ बीजेपी की बी-टीम हैं, बल्कि उसके सच्चे साथी भी हैं। लोग हुमायूं कबीर पर आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने



पार्टी बनाने के लिए पैसा लिया है। तो क्या आपको दिल्ली से फंड मिल रहा है? जनता सब समझती है और वह आपको पश्चिम बंगाल के साथ-साथ हैदराबाद के चुनावों में भी आपकी स्थिति दिखा देगी।

कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने भी इस मुद्दे पर कहा कि जहां भी धर्मनिरपेक्ष वोटों का बंटवारा होता है, उसका फायदा बीजेपी को ही मिलता है। ओवैसी इसके लिए जाने जाते हैं और उन पर अक्सर ऐसे आरोप लगते हैं। वह निश्चित रूप से ऐसी रणनीति अपनाते हैं ताकि वोटों का विभाजन हो सके। इसलिए हम कहते हैं कि वह बीजेपी की बी-टीम के रूप में काम करते हैं।

वहीं झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि मुझे लगता है कि अब ओवैसी को एक-दो राज्यों में कुछ सफलता मिली है। उन्होंने बीजेपी को मजबूत किया है और धर्मनिरपेक्ष दलों व ताकतों को कमजोर किया है, जिससे उनका मनोबल बढ़ा है। मुझे लगता है कि बंगाल की राजनीति के संदर्भ में वह कहीं फिट नहीं बैठेंगे। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने तंज कसते हुए कहा कि चाहे वह हुमायूं कबीर हों या ओवैसी, सच्चाई यह है कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में जो जहर बोया है, उसने ऐसे कई किरदार पैदा किए हैं जो उसी जहर को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। जब एक स्वाभाविक विकल्प मौजूद है, तो ऐसे तत्वों का कोई महत्व नहीं रहेगा और इन चुनावों में उनका अस्तित्व मायने नहीं रखेगा।

इस बीच बिहार के मंत्री रामकृपाल यादव ने अपेक्षाकृत संतुलित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह ओवैसी की पार्टी है और अगर वह चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, तो यह उनका स्वतंत्र निर्णय है। पार्टी अपने संगठन का विस्तार करना चाहती है और कई जगहों पर उसकी मौजूदगी है। ओवैसी ने चुनाव लड़ने का फैसला किया है और एक लोकतांत्रिक पार्टी होने के नाते उसके नेता उसी अनुसार काम करते हैं। बता दें 294 सदस्यीय बंगाल विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में 23 अप्रैल और दूसरा 29 अप्रैल को होगा और मतगणना 4 मई को होगी।

## मौत पर बहस: 29 साल की हट्टी-कट्टी महिला को दी इच्छामृत्यु, हरीश से बिल्कुल उलट है मामला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीते 13 साल से कोमा की स्थिति से जूझ रहे गाजियाबाद के हरीश राणा के पिता को बेटे की इच्छामृत्यू के लिए करीब दो साल तक अदालत के चक्कर लगाना पड़े। पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की फिर सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति दी। ठीक इसके उलट नीदरलैंड की हट्टी-कट्टी 29 साल की महिला को इच्छामृत्यू आसानी से दी गई। जबकि न तो इनकी सेहत खराब थी और न ही ऐसी कोई खास परिस्थिति थी जिसकी वजह से उन्हे इच्छामृत्यू की अनुमति लेना पड़ी। केवल वे मानसिक तनाव, एंग्जायटी और ट्रॉमा से जूझ रहीं थी। इन दोनों मामले को देखते हुए एक बार फिर इच्छामृत्यू को लेकर भारत में बहस छिड़ गई है।

यूरोपीय देश नीदरलैंड्स की 29 वर्षीय जोराया टेर बीक की इच्छामृत्यु को भी चर्चा में ला दिया है। हालांकि, जोराया और हरीश के मामलों में जमीन-आसमान का अंतर है। जहां हरीश शारीरिक रूप से मृतप्राय थे, वहीं जोराया शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ थीं। उन्होंने वर्ष 2024 में असहनीय मानसिक पीड़ा के आधार पर अपनी जीवनलीला समाप्त करने की अनुमति मांगी थी।



वर्षों तक डिप्रेशन, एंग्जायटी और ट्रॉमा से जूझने के बाद उन्होंने तर्क दिया कि उनकी मानसिक स्थिति ने जीवन को जीने लायक नहीं छोड़ा है। साढ़े तीन साल की कानूनी प्रक्रिया के बाद उन्हें अनुमति मिल गई। नीदरलैंड्स और स्विट्जरलैंड जैसे देशों में जीवन की गुणवत्ता को सर्वोपरि माना जाता है, जहां मानसिक कष्ट को भी इच्छामृत्यु का वैध आधार माना गया है। इसके विपरीत, भारत में कानून अत्यंत सख्त हैं। यहाँ केवल पैसिव यूथिनेशिया की अनुमति है, वह भी तब जब मरीज के ठीक होने की कोई गुंजाइश न बची हो।आलोचकों का तर्क है कि मानसिक रूप से पीड़ित व्यक्ति हमेशा स्वतंत्र निर्णय लेने की स्थिति में नहीं होता, जबकि समर्थकों का कहना है कि व्यक्ति को अपनी पीड़ा के स्वरूप के आधार पर निर्णय लेने का अधिकार होना चाहिए। हरीश और जोराया की ये दो कहानियां दो अलग दुनियाओं की तस्वीर पेश करती हैं-एक जहां जीवन को हर हाल में बचाने का संघर्ष है, और दूसरी जहां असहनीय पीड़ा से मुक्ति को भी एक मौलिक अधिकार माना गया है।

क्या किसी व्यक्ति की पीड़ा इतनी असहनीय हो सकती है कि उसे अपना जीवन समाप्त करने की कानूनी अनुमति दे दी जाए? क्या जीने का अधिकार अनिवार्य रूप से मरने के अधिकार को भी समाहित करता है? ये सवाल एक बार फिर वैश्विक विमर्श के केंद्र में हैं। भारत में गाजियाबाद के 31 वर्षीय हरीश राणा को सुप्रीम कोर्ट द्वारा पैसिव यूथिनेशिया (निष्क्रिय इच्छामृत्यु) की अनुमति मिलने के बाद इस संवेदनशील मुद्दे पर नई बहस छिड़ गई है। हरीश ने पिछले 13 साल कोमा में, जिंदगी और मौत के बीच एक खामोश जंग लड़ते हुए बिताए। लंबी कानूनी प्रक्रिया और मेडिकल बोर्ड की सिफारिशों के बाद, अंततः उन्हें मशीनी जीवन से मुक्ति की इजाजत मिली।

## रोचक मुकाबला: असम में भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए दिग्गज नेता नंदिता गरलोसा

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** चुनाव से पहले नेताओं का आवागमन मुकाबले को कड़ा और रोचक बना देता है। असम में भी कुछ इसी तरह की तस्वीर दिखाई देने लगी है। यहां सत्ताधारी दल भाजपा को उस समय तगड़ा झटका लगा, जब हिमंत बिस्वा सरमा सरकार में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रहीं नंदिता गरलोसा ने रविवार को औपचारिक रूप से कांग्रेस का दामन थाम लिया। भाजपा द्वारा इस बार उनका टिकट काटे जाने से वे काफी समय से नाराज चल रही थीं।

नंदिता गरलोसा का पार्टी छोड़ना भाजपा के लिए इसलिए भी बड़ी हार माना जा रहा है क्योंकि उन्हें मनाने की कोशिशें खुद मुख्यमंत्री स्तर पर की गई थीं। रविवार को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा खुद हाफलोंग पहुंचे और गरलोसा के आवास पर जाकर उनसे लंबी चर्चा की। हालांकि, मुख्यमंत्री की यह मान-



मनौव्वल नाकाम रही। जैसे ही मुख्यमंत्री उनके घर से निकले, उसके कुछ ही घंटों बाद गरलोसा ने कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर पार्टी की सदस्यता ले ली। इस बगावत की मुख्य वजह भाजपा द्वारा हाफलोंग सीट से उम्मीदवार का बदलना है। पार्टी ने मौजूदा विधायक और मंत्री नंदिता गरलोसा का टिकट काटकर इस बार रुपाली लांगथासा को अपना नया चेहरा बनाया है। इसी फैसले से आहत होकर गरलोसा ने कमल का साथ छोड़ दिया और अब वे अपनी पुरानी सीट हाफलोंग से ही कांग्रेस के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरेंगी। गरलोसा का स्वागत करते हुए असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव निर्मल लंगथासा ने मुख्यमंत्री पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा में सच बोलने की सजा दी जाती है। लंगथासा ने कहा कि मुख्यमंत्री को आदिवासियों की जमीनें बड़ी कंपनियों को बेचने में दिलचस्पी है, जबकि गरलोसा जनता के हितों के लिए लड़ती रहीं। कांग्रेस सोमवार को आधिकारिक रूप से उनकी उम्मीदवारी की घोषणा करेगी, जिससे अब हाफलोंग सीट पर रुपाली लांगथासा और नंदिता गरलोसा के बीच सीधा और रोचक मुकाबला तय माना जा रहा है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऐतिहासिक उपलब्धि पर देशभर से बधाइयाँ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वतंत्र भारत के इतिहास में सरकार के प्रमुख के रूप में सबसे लंबे समय तक सेवा करने का नया कीर्तिमान स्थापित करने पर देशभर से बधाइयाँ मिल रही हैं। इस उपलब्धि के बाद विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों और भाजपा नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व की सराहना की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 8931 दिनों का सार्वजनिक जीवन केवल एक राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि निरंतर तप, त्याग और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में देश विकसित भारत के संकल्प की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है। रेखा गुप्ता ने यह भी लिखा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में विकास की नई दिशा देने से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने तक उनकी यात्रा राष्ट्र प्रथम और अंत्योदय के सिद्धांतों को साकार करती है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए उन्हें विश्व के सबसे लोकप्रिय जननेताओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि मोदी का नेतृत्व देश को 'अंत्योदय से सर्वोदय' की दिशा में आगे बढ़ा रहा है और उनके मार्गदर्शन में भारत विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री का नेतृत्व देश के लिए प्रेरणादायक है और उनकी सेवा भावना राष्ट्र के लिए एक मिसाल है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनका दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की दिशा में उत्तराखंड भी योगदान दे रहा है।

भाजपा नेताओं ने अपने बयानों में प्रधानमंत्री के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार तीन लोकसभा चुनावों में मिली जीत देशवासियों के भरोसे का प्रमाण है। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र के साथ देश निरंतर प्रगति कर रहा है।



# 10वीं बोर्ड परीक्षा में भीलवाड़ा जिले का परिणाम 94.59 प्रतिशत



## राजेंद्र मार्ग स्कूल रहा अव्वल छात्रों को दी बधाई

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राजस्थान माध्यमिक बोर्ड 10 वी परीक्षा का परिणाम मंगलवार को शिक्षा विभाग ने जारी कर दिया भीलवाड़ा जिले का इस बार का परीक्षा परिणाम 94.59 प्रतिशत रहा । परीक्षा परिणामों में छात्र छात्राओं ने परचम फेराया कई स्कूलों में अव्वल रहे छात्र छात्रोंओ को शिक्षकों ने बधाई दी और माला पहनाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

मंगलवार को घोषित हुए माध्यमिक बोर्ड परीक्षा परिणाम में राजेंद्र मार्ग राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयर्ग के विद्यार्थियों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अव्वल रहते हुए विद्यालय का 92.58 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह गहलोत ने बताया कि सत्र 2025-26 में कक्षा 10 में 364 विद्यार्थी पंजीकृत हुये, जिसमें से 337 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिनमें 132 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 173 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी व 32 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

छात्र वैभव साहू ने 95.67 प्रतिशत प्राप्त करते हुये प्रथम स्थान प्राप्त किया, अनमोल उपाध्याय ने 92.00 प्रतिशत प्राप्त करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा देवांग जोशी ने 91.17 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## शिवराज, राहुल, अंजलि, दीपिका व मैना ने बढ़ाया मान

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आज मंगलवार दसवीं बोर्ड का परिणाम घोषित किया गया । जेसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, विद्यार्थी अपने-अपने परिणाम ढूंढने में लग गए, अच्छ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभचिंतक बधाई दे रहे हैं । सवाईपुर सहित क्षेत्र के विद्यालयों का परिणाम तकरीबन शत-प्रतिशत रहा । बनकाखेड़ा गांव की एक छात्रा ने जिले में क्षेत्र का नाम रोशन किया । आदर्श विद्या मंदिर कोटड़ी के छात्र बनकाखेड़ा निवासी शिवराज आचार्य पिता गणेश आचार्य ने 98.33% अंक प्राप्त कर माता-पिता, गुरुजनों, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया । शिवराज के पिता गणेश लाल विद्युत विभाग में लाइनमैन का काम करते हैं, वही माता गृहणी के साथ खेती-बाड़ी का काम करती हैं, शिवराज ने बताया कि वह आगे चलकर देश सेवा करने के लिए सेना में भर्ती होना चाहते हैं । आदर्श विद्या पीठ संस्थान आसींद के छात्र सोपुरा निवासी राहुल जाट पिता किशनलाल जाट ने 90.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किया । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लसाडिया की छात्रा अंजलि पुत्री बाबूलाल बारेठ ने 87.83% अंक प्राप्त किया । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाईपुर की छात्रा दीपिका कंवर राठौड़ पुत्री छितर सिंह ने 86.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये । वही ढ़ेलाणा निवासी मैना पुत्री बद्रीलाल जाट ने 85.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । रोहिन पिता राजेश श्रोत्रिय ने 84.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । शहीद भगत सिंह कोटड़ी की छात्रा ढ़ेलाणा निवासी ममता पुत्री शंकरलाल जाट ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपना नाम रोशन करने के साथ ही माता-पिता, गुरुजनों के क्षेत्र का नाम रोशन किया ।।




### आदित्य ने नागौर में बढ़ाया चावंडिया का मान

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किए गए 10 वीं के परिणाम में सवाईपुर क्षेत्र के चावंडिया निवासी आदित्य शर्मा पुत्र दुर्गेश शर्मा ने क्षेत्र सहित जिले का नाम नागौर जिले में बढ़ाया । आदित्य ने मयूर श्री कृष्णा संस्थान डेगाना, नागौर में 10 वीं की परीक्षा दी, जिसमें आज जारी हुए परिणाम में 90.33% अंक प्राप्त कर नागौर जिले में भीलवाड़ा जिले सहित क्षेत्र का नाम बढ़ाया।

## मांडलगढ़ ब्लॉक में सरकारी स्कूलों के होनहारों का जलवा
## 85% से अधिक अंक लाकर लहराया सफलता का परचम

**प्रथम स्थान खटवाडा विद्यालय के छात्र मनमोहन तेली ने 94.67% और बीगोद की नव्या सोनी ने 94.33% अंक हासिल कर किया टॉप, कई स्कूलों का परिणाम रहा शत-प्रतिशत**



मनमोहन तेली पुत्र भगवान लाल तेली 94.67%



कार्तिका कीर - 90.50%

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़/भीलवाड़ा

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में मांडलगढ़ शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम ने साबित कर दिया है कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी प्रतिभा में किसी से कम नहीं हैं। ब्लॉक के कई विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 90 से 100 प्रतिशत के बीच रहा, वहीं कई मेधावी छात्र-छात्राओं ने 8 5 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुजनों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

प्राप्त परिणामों के अनुसार, 8 5% से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की सूची में प्रथम स्थान खटवाडा विद्यालय के छात्र मनमोहन तेली ने 94.67% और बीगोद की नव्या सोनी ने 94.33% अंक हासिल कर किया टॉप, इसके साथ ही बीगोद बालिका विद्यालय की 24 छात्राओं ने गार्गी पुरस्कार के लिए अपनी योग्यता सिद्ध की है। वहीं छात्रों में रा.उ.मा.वि. मानपुरा के आदित्य जाट ने 93.5% अंकों के साथ अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

### इन स्कूलों का भी रहा शानदार प्रदर्शन

मेधावियों की इस सूची के अलावा, ब्लॉक के अन्य विद्यालयों ने भी उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। मानपुरा और बालिका विद्यालय सिंगोली का परिणाम 100% रहा। वहीं रा.उ.मा.वि. जोजवा का परिणाम 98.36% और श्रीनगर का 96.00% दर्ज किया गया। रा.उ.मा.वि. मुकनपुरा, धामनिया और बिगोद (छात्र) के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी में अपनी जगह बनाई।

शिक्षकों और संस्था प्रधानों ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस शानदार परिणामों से पूरे मांडलगढ़ क्षेत्र के अभिभावकों और शिक्षा विभाग में खुशी की लहर है। **(प्राप्त सूचना के आधार पर)**

### मांडलगढ़ ब्लॉक के 85% से अधिक अंक लाने वाले मेधावी सितारे:

खटवाडा विद्यालय के छात्र मनमोहन तेली पुत्र भगवान लाल तेली ने 94.67%
बालिका विद्यालय बीगोदः नव्या सोनी पिता- महावीर सोनी - 94.33%
- तबस्सुम लुहार (पिता- मोहम्मद एहसान) - 92.83%
- कीर्ति खंडेलवाल (पिता- संजय खंडेलवाल) - 92.17%
- आफ़िया (पिता- नूर मोहम्मद शफी) - 92.17%
- केजीएसएस मानपुराः आदित्य जाट - 93.5%
- रा.उ.मा.वि. बरूंदनीः विशाल प्रजापत - 92.33%
- खुशबू कुमारी जीनगर - 88.17%
- पीएम श्री रा.उ.मा.वि. धामनियाः सुमन तेली - 92.00%
- रा.उ.मा.वि. खाचरोलः निधि स्वर्णकार - 91.50%
- आशीष शर्मा - 88.70%
- प्रज्ञा शर्मा - 86.83%
- केजीएसएसएस लाडपुराः कार्तिका कीर - 90.50%
- रा.उ.मा.वि. श्रीनगरः निकिता शर्मा - 87.00%

## भव्य चौहान ने किया कमाल 96.17% अंक हासिल किए



स्मार्ट हलचल

**गुरला।** गिलूण्ड ग्राम पं.स.रेलमंगरा जिला राजसमंद की निवासी जो टैगोर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पोटला (भीलवाड़ा)में अध्ययन किया था पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर,लगातार मिल रही है बधाइयां।

## धामनिया स्कूल की सुमन 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया प्रथम स्थान प्राप्त

स्मार्ट हलचल | काछोला



सुमन तेली

क्षेत्र के धामनिया पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत सुमन तेली, माता चंदा देवी तेली, पिता का नाम- स्व. रामकिशन तेली ने कक्षा 10 वी बोर्ड में में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।परिजनों ने बताया कि जब सुमन 5 वर्ष की थी तभी पिता जी का स्वर्गवास हो गया और तब से माता चंदा देवी तेली ने मेहनत मजदूरी करके अपनी दोनों पुत्रियों को पढ़ाने का निर्णय किया और आज बड़ी बेटी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक बनाकर अपने माता का नाम रोशन किया पहले भी कक्षा 8 में भीलवाड़ा जिला टॉप करके अपने माता-पिता का नाम रोशन किया । सुमन यह तमाम श्रेय अपनी माता को और गुरुजनों को दिया तथा बताया कि आगे की पढ़ाई में वर्तमान समय को ध्यान रखते हुए पहले राजकीय सेवा को प्राथमिकता दुंगी और फिर मेरा इच्छा है कि मैं सिविल सर्विस में जाकर समाज की सेवा कर संकू। परीक्षा परिणाम के बाद सुमन का विद्यालय स्टाफ, घर,परिवार समाजजनों ने मुंह मीठा करवाकर बधाई दी।

## 590 ग्राम अवैध अफीम जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**रायला।** भीलवाड़ा जिले में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ रायला थाना पुलिस व ड्रग्स' टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए 590 ग्राम अफीम के साथ 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा।

गिरफ्तार तीनों आरोपी फॉर्च्यूनर कार में सवार होकर तस्करी कर रहे थे और सभी हरियाणा के रहने वाले हैं। इनमें 25 वर्षीय नुकुल पुत्र राजेश जाट निवासी सोनीपत (हरियाणा), 23 वर्षीय राहुल पुत्र सुनील जाट तथा विक्की पुत्र राजेश जाट शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से अफीम बरामद कर मौके से ही हिरासत में लिया।

प्रारंभिक पूछताछ में तस्करी नेटवर्क से जुड़े अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर आगे जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

## स्पा सेंटर के मैनेजर ने फांसी लगाकर दी जान, पंजाब का रहने वाला था युवक

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** शहर के गंगापुर चौराहे के समीप स्थित 'खोटा-सिक्का' स्पा सेंटर में मंगलवार को सनसनी फैल गई, जब वहां कार्यरत मैनेजर ने फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची गांधीनगर थाना पुलिस को युवक का शव कमरे में बेड पर पड़ा मिला। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाते हुए परिजनों को सूचित किया है।

गांधीनगर थाने की सहायक उप निरीक्षक मीना चौधरी ने बताया कि मंगलवार दोपहर गंगापुर चौराहे के समीप रिद्धि-सिद्धि प्लाजा कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल पर स्थित स्पा सेंटर में एक युवक के सुसाइड की सूचना मिली थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो एक कमरे में युवक का शव पलंग पर पड़ा था। जांच में सामने आया कि युवक ने बिजली के तार का फंदा बनाकर पंखे से लटककर खुदकुशी की थी, लेकिन अधिक वजन या खिंचाव के कारण पंखा और तार टूट गए, जिससे शव सीधे पलंग पर आ गिरा।





पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसके पास से मोबाइल और पर्स बरामद हुआ। पर्स में मिले आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान सूरज (25) पुत्र रामचंद्र, निवासी मौजगढ़ खुइयां सरवर, जिला फिरोजपुर (पंजाब) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सूरज पिछले करीब एक महीने से इस स्पा सेंटर पर मैनेजर के रूप में कार्य कर रहा था। पुलिस को मौके से फिलहाल कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है और पंजाब में रहने वाले उसके परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। परिजनों के भीलवाड़ा पहुंचने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

## गंगापुर में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय रैली का आयोजन



स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर 'टीबी मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत आलोक विद्या मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई।रैली के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को टीबी के बारे में जानकारी दी गई। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विपिन शर्मा ने बताया कि हम सभी मिल कर टी बी को समाप्त कर सकते हैं। उन्होंने अभियान की थीम 'हां ! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं, भारत के नेतृत्व में, जन भागीदारी के साथ 'पर विस्तार से जानकारी दी। आमजन से अपील की कि वे समाज में टीबी के लक्षणों, निशुल्क जांच एवं इलाज की जानकारी फैलाएं तथा टीबी संक्रमित व्यक्ति को पूरा कोर्स पूरा करने के लिए प्रेरित करें।इस अवसर पर डॉ. शरद नलवाया, डॉ. श्याम स्वरूप शर्मा, अशोक कुमार सेन, एसटीएस , प्रदीप कुमार दाधीच दिनेश लक्षकार, रमेश शर्मा अनिल गर्ग,ममता माली, चंदा तवर ,लक्ष्मी मीणा सहित आशा सहयोगिनी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

रैली में विद्यार्थियों ने नारे लगाते हुए पूरे क्षेत्र में टीबी जागरूकता का संदेश फैलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 2026 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने में जन भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## शाहपुरा में मौत का मंजरः हादसे ने छीनी मासूम की जिंदगी, 37 घायल

### एडीएम ने ली बैठक, प्रशासन एक्शन मोड में, तीन दिन में काम करने को कहा

### हादसे के बाद प्रशासन सख्त, 3 दिन में सुधार का अल्टीमेटम--कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शाहपुरा मार्ग पर मंगलवार का दिन दर्द, अफरा-तफरी और आक्रोश से भरा रहा। भीलवाड़ा रोड़ पर रायपुर चौराहे के पास तेज रफ्तार निजी बस और टाटा हैरियर कार के बीच हुई भीषण भिड़ंत ने पूरे इलाके को दहला दिया। इस दर्दनाक हादसे में जहां करीब 35 से 37 लोग घायल हुए, वहीं 2 साल की मासूम कोमल कंवर की मौत ने हर किसी को झकझोर दिया। घायलों में से 15 को भीलवाड़ा रेफर किया गया है।

मासूम कोमल कंवर अपने पिता महेंद्र सिंह (निवासी थांवला) के साथ बस में सवार थी। हादसे के बाद उसे गंभीर हालत में भीलवाड़ा ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव को शाहपुरा चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज गति में थी और रायपुर चौराहे के पास सड़क पर बने गहरे गड्ढे को बचाने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया। सामने से आ रही कार से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई, जबकि बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गई। हर तरफ घायल लोग मदद के लिए पुकारते नजर आए। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। शाहपुरा पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटनाग्रस्त बस व कार को जब्त कर लिया है। हादसे के कारणों की जांच जारी है, जिसमें प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार, खराब सड़क और लापरवाही को जिम्मेदार माना जा रहा है। इस हादसे ने एक बार फिर सड़कों की बदहाल स्थिति और लापरवाही को उजागर कर दिया है। प्रशासन के सख्त फैसलों से लोगों में उम्मीद जरूर जगी है, लेकिन अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि ये फैसले जमीन पर कितनी जल्दी उतरते हैं।



### पुलिस जवान बना फरिश्ता---

हादसे के समय कांस्टेबल कृष्ण गोपाल खिंची ने मानवता की मिसाल पेश की। एंबुलेंस के देरी से पहुंचने पर उन्होंने अपनी पुलिस जीप से ही 4-5 चक्कर लगाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। उनकी तत्परता से कई लोगों की जान बच सकी।

### अस्पताल में अफरा-तफरी, स्टाफ ने संभाली स्थिति--

घायलों को शाहपुरा चिकित्सालय लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 15 गंभीर घायलों को भीलवाड़ा रेफर किया गया। अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। हादसे की खबर मिलते ही कांग्रेस और भाजपा के नेता, स्थानीय समाजसेवी तुरंत अस्पताल पहुंचे और घायलों की सेवा में जुट गए। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान चिकित्सालय स्टाफ ने बखूबी बेहतर कार्य किया।

### कांग्रेस का विरोध, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

घटना को लेकर कांग्रेस नेताओं ने कड़ा आक्रोश जताया और अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सड़क की खराब स्थिति और प्रशासनिक लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की।

### हादसे के बाद प्रशासन एक्शन मोड में--

इस दर्दनाक हादसे के बाद प्रशासन पूरी तरह हरकत में आ गया है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रकाशचंद्र की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की आपात बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़े फैसले लिए गए। तीन दिन में सड़कों पर दिखेगा असर। ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर तुरंत सुधार। गड्ढों की मरम्मत, स्पीड ब्रेकर और संकेतक लगाए जाएंगे। सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई। स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। इस दौरान एडीएम ने साफ चेतावनी दी 'अब लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी।

## स्मार्ट हलचल की खबर का बड़ा असर


रेलवे स्टेशन के गेट नंबर दो की पार्किंग व्यवस्था बंद होने से गेट नंबर 1 पर बढ़ा वाहनों का दबाव

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

स्मार्ट हलचल में 24 मार्च को प्रकाशित खबर 'रेलवे स्टेशन के गेट नंबर दो की पार्किंग व्यवस्था बंद होने से गेट नंबर 1 पर बढ़ा वाहनों का दबाव' पर रेलवे प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया और नए टेंडर की तारीख 5 अप्रैल से शुरू होने की घोषणा की जिससे गेट नंबर दो की पार्किंग 5 अप्रैल से शुरू हो सकेगी।

# अंतरजातीय विवाह मामले में भीलवाड़ा पुलिस की त्वरित कार्यवाही परिजनों को मृत्युभोज नहीं करने के लिए किया पाबंद

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

स्मार्ट हलचल समाचार पत्र में छपी खबर ''जब लाडली ने फेरा मुंह, तो पिता के लिए हो गई मृत, थाने में झोली फैलाई नही मानी तो जिंदा बेटी का छपवा दिया शोक संदेश, युवती ने दूसरे समाज के युवक से की लव मैरिज, हताश परिवार ने 20 मार्च को माना 'स्वर्गवास', 31 को रखा मृत्युभोज पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए परिजनों को मृत्युभोज नहीं करने हेतु पाबंद किया । बालिग युवती द्वारा अंतरजातीय विवाह करने पर शक्करगढ थाना पुलिस ने दंपति को सुरक्षा प्रदान की । एसपी धर्मेन्द्र सिंह आईपीएस जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाडा के आदेशानुसार शाहपुरा एएसपी राजेश कुमार आर्य के निर्देशन में व जहाजपुर वृताधिकारी रेवडमल मोर्य के निकटतम सुपरविजन में अंतरजातीय विवाह प्रकरण में उत्पन्न स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए बालिग युवती की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु त्वरित कार्रवाई की गई।दिनांक 20.03.2026 को थाना शक्करगढ पर आकांक्षा पुत्री


जब लाडली ने फेरा मुंह, तो पिता के लिए हो गई 'मृत

थाने में झोली फैलाई, नहीं मानी तो जिंदा बेटी का छपवा दिया शोक संदेश

20 को 'स्वर्गवास', 31 मार्च को रखा मृत्युभोज

देवेन्द्र सिंह कानावत जाति राजपूत उम्र 27 साल निवासी आमल्दा थाना शक्करगढ जिला भीलवाडा ने अपने पति ओमप्रकाश जिन्दड जाति गूर्जर उम्र 30 साल निवासी रुपपुरा थाना प्रागपुरा जिला कोटपूतली के साथ पेश होकर बताया कि हमने दिनांक 04.03.2025 को अपनी इच्छा से आर्य समाज अजमेर मे शादी कर ली है करीब 1 माह से अपने पीहर आमल्दा पर आई हुई थी मेरा पति ओमप्रकाश जिन्दड आज मुझे जहाजपुर लेने आया और अपने साथ लेकर जा रहा था तो मेरे घरवाले हमारा पीछा कर मुझे नही ले जाने दे रहे थे आदि रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनो पक्षो से थाना परिसर मे समझाइश की व आकांक्षा को उसके परिजनो से मिलवाया गया और युवती के बयान लिए साथ ही विडीयोग्राफी की गई जिसमें बताया कि उसने अपनी मर्जी से ओमप्रकाश जिन्दड के साथ विवाह किया है और अपने पति के साथ जयपुर जाना चाहती हूं । उक्त दंपति द्वारा अपना विवाह प्रमाण पत्र भी पेश किया गया। जिस पर परिवादिया आकांक्षा कानावत को उसकी इच्छानुसार उसके पति ओमप्रकाश जिन्दड के साथ जयपुर सुरक्षित रवाना किया गया। इसी घटना पर दिनांक 21.03.2026 को समाचार पत्र- स्मार्ट हलचल द्वारा '' ''जब लाडली ने फेरा मुंह, तो पिता के लिए हो गई मृत, थाने में झोली फैलाई नही मानी तो जिंदा बेटी का छपवा दिया शोक संदेश, युवती ने दूसरे समाज के युवक से की लव मैरिज, हताश परिवार ने 20 मार्च को माना 'स्वर्गवास', 31 को रखा मृत्युभोज ' हैडलाईन की खबर प्रकाशित की गई व कई अन्य समाचार पत्रिकाओं व न्यूज चैनल्स पर भी इस प्रकार की खबरें प्रकाशित की गई। जिसकी जांच पर उक्त देवेन्द्र सिंह कानावत निवासी आमल्दा को तलब कर पूछताछ की तो बताया कि मैं एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हुं। मेरी पुत्री आंकाक्ष कानावत द्वारा अन्तरजातीय विवाह करने से मेरी छवि खराब हो गई। जल्दबाजी में मेरा विवेक काम नही करने से मैने अपनी पुत्री का त्याग कर दिया और मैने खबर छपवा दी थी अब मैं कोई भी मृत्युभोज और बैठक नही रखूंगा। इस मामले की गम्भीरता को देखते हुए संज्ञेय अपराध निवारण हेतु उक्त देवेन्द्र सिंह पिता मुलसिंह राजपुत उम्र 60 साल निवासी आमल्दा थाना शक्करगढ़ जिला भीलवाड़ा के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुये इस्तगासा संख्या 19/2026 धारा 126/135 बीएनएसएस न्यायालय में पेश किया गया।

# कंवलियास माफी कोठारी नदी में डीएसटी टीम ने फिर की कार्रवाई, डंपर व जेसीबी मशीन जप्त





स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर क्षेत्र के बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत के कंवलियास माफी गांव के पास से गुजर रही कोठारी नदी में हो रहे अवैध बजरी खनन के खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव के निर्देशन में डीएसटी टीम ने लगातार दुसरे दिन कोठारी नदी में दबिश देकर कार्रवाई करते हुए एक डंपर और एक जेसीबी मशीन को जप्त किया । सूचना पर बड़लियास थाना व सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची । सवाईपुर चौकी प्रभारी प्यार चंद खटीक ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देशन में डीएसटी टीम ने बड़लियास थाना क्षेत्र के कंवलियास माफी गांव के निकट से गुजर रही कोठारी नदी में लगातार दूसरे दिन मंगलवार अल सुबह नदी में दबिश दी, जहां से डीएसटी की टीम ने कोठारी नदी में अवैध बजरी खनन करते हुए एक डंपर और एक जेसीबी मशीन को जप्त किया । डीएसटी की टीम ने कल सोमवार दोपहर को भी इसी जगह पर कार्रवाई की थी, जिसमें पांच ट्रैक्टर व दो जेसीबी मशीन को जप्त किया था । डीएसटी टीम की कारवाई होने के बाद भी बजरी माफियों के हौसले इतने बुलंद है कि वह दूसरे दिन फिर से बजरी खनन करने लगे, लगातार दूसरे दिन कार्रवाई से क्षेत्र के बजरी माफियों में हड़कंप सा मच हुआ है।

# जीरो डोज कार्यक्रम के तहत समाज के प्रभावशाली सहयोगियों की आमुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

टीकाकरण के जीरो डोज कार्यक्रम के अंतर्गत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ तथा शिव शिक्षा समिति के सहयोग से उप जिला चिकित्सालय बिजौलिया में समाज के प्रभावशाली सहयोगियों (इन्फ्लुएंसर्स) की आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। बिजौलिया ब्लॉक से आए सामाजिक, धार्मिक और सामुदायिक प्रतिनिधियों को टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने, टीकारण के प्रति झिझक व भ्रांतियाँ दूर करने और कार्यक्रम की स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल यादव ने इन्फ्लुएंसर्स से आग्रह किया कि वे टीकाकरण से हिचकिचाने वाले परिवारों तक एक भरोसेमंद कड़ी बनें। जीरो डोज परियोजना के जिला समन्वयक श्री सुरेंद्र सोनी ने टीकाकरण में पुरुषों की सहभागिता पर जोर देकर पुरुषों को टीकाकरण में सहयोग देने और आगे आने पर जोर दिया साथ ही बताया कि टीकाकरण कार्यक्रम देश में 11 जानलेवा बीमारियों की रोकथाम में अहम भूमिका निभा रहा है । ब्लॉक कॉर्डिनेटर गोविंद सिंह ने टीकाकरण को परिवार की जिम्मेदारी बताते हुए टीकाकरण में सहयोग की जानकारी दी।कार्यक्रम में सीएचसी प्रभारी डॉ. अंसार खान, डॉ मनीष सक्सेना, डॉ नरेंद्र पारेता,रिंकू के पी जेन, संगीता धाकड़, सुनीता धाकड़, देवीलाल सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मांडलगढ़ः 'एक शाम शहीदों के नाम' अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, भोर तक जमी देशभक्ति और हास्य की महफिल

**'छोड़कर सारे काम यही एक काम करते हैं, आज की ये शाम प्रभु श्रीराम के नाम करते हैं...' महावीर सेन की पंक्तियों पर झूमे श्रोता**

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़/भीलवाड़ा

नगर पालिका मांडलगढ़ के तत्वावधान में आयोजित 'एक शाम शहीदों के नाम' राष्ट्रीय कवि सम्मेलन सोमवार रात ऐतिहासिक रहा। स्थानीय विधायक और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन ने भोर (सुबह) तक श्रोताओं को बांधे रखा। देश के विख्यात कवियों ने अपनी ओजस्वी वाणी, हास्य और श्रृंगार रस की कविताओं से ऐसा समां बांधा कि पूरा परिसर भारत माता के जयकारों से गूंज उठा।

## स्थानीय कवियों ने बटोरी सुर्खियां

कार्यक्रम की शुरुआत में स्थानीय



कवि ने अपनी प्रसिद्ध पंक्तियों– 'छोड़कर सारे काम यही एक काम करते हैं, आज की ये शाम प्रभु श्री राम के नाम करते हैं...' का पाठ किया, जिस पर श्रोताओं ने जमकर तालियां और तौलियां बटोरीं।

## राष्ट्रीय कवियों की काव्य गंगा ने किया मंत्रमुग्ध

मनीष सुखवालः कवि सम्मेलन का कुशल संचालन करते हुए कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर ले गए।

भूपेंद्र राठौड़ (उत्तर प्रदेश): राष्ट्रीय कवि भूपेंद्र राठौड़ ने अपनी शैली से श्रोताओं को हंसने और थिरकने पर मजबूर कर दिया।

कोमल नाजुकः श्रृंगार रस की कवयित्री कोमल नाजुक के काव्य पाठ के दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

दीपक पारीकः राष्ट्रीय कवि दीपक पारीक ने बेटियों और किसानों पर मार्मिक गीत पढ़कर कार्यक्रम को भावनात्मक ऊंचाइयों तक पहुँचाया।

विशाल ब्रह्मभट्टः शाहपुरा के 'नोहरा फेम' राष्ट्रीय वीर रस कवि विशाल ब्रह्मभट्ट ने वीरतापूर्ण रचनाओं से जोश भर दिया।

मुरलीधर गौड़ः बारां से आए कवि मुरलीधर गौड़ ने 'तिरंगा गीत' के साथ कार्यक्रम का गरिमामय समापन किया।

सम्मेलन में कवि मुकेश महाकाल, दिनेश बंटी और पंचायती ने भी अपनी उत्कृष्ट रचनाओं से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

## ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, भाजपा नगर अध्यक्ष अशोक जीनगर, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्मभट्ट, पार्षद अनीता सुराणा, लादू खटीक, नीलकमल पटवा, भाजपा नेता मुकेश व्यास और भाजपा जिला मंत्री जमनालाल सेन सहित कई गणमान्य नागरिक और हजारों की संख्या में काव्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# नागौर के गोठ मांगलोद में हुई घटना में कार्यवाही की मांग, सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा/नागौर

जिले के गोठ-मांगलोद स्थित दाधीच समाज की कुलदेवी (माता दधिमती) के मंदिर में हुई घटना को लेकर अ.भा. दाहिमा (दाधीच) ब्राह्मण महा. भीलवाड़ा की जिलाध्यक्ष सावित्री शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया। जिसमें कहा गया है कि मंदिर के पुजारियों ने वहां आए दाधीच समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा के साथ अभद्रता, दुर्व्यवहार और मारपीट की। पुजारियों द्वारा फैलाए गए इस आतंक के कारण दर्शनार्थियों और समाज के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। पुजारियों ने लंबे समय से मंदिर परिसर में भय का वातावरण बना रखा है, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुँच रही है। संगठन मांग करता है की उक्त घटना के दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध तुरंत एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए एवं मंदिर की संपूर्ण व्यवस्था जिला प्रशासन अपने हाथ में ले, ताकि वहां भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित हो सके। प्रवक्ता अनुरेखा कुदाल ने बताया की ज्ञापन के दौरान ममता दाधीच, विजयलक्ष्मी आचार्य, दुर्गेश नंदिनी, चन्द्रकला शर्मा, सुधा शर्मा, यशस्विनी आचार्य, सुमन आचार्य, संतोष आचार्य, सुमित्रा दाधिच, विमला शर्मा मौजूद रही।

# 19 अप्रैल को मनाई जाएंगी भगवान परशुराम जयंती


स्मार्ट हलचल | बानसूर

कस्बें के परशुराम भवन में ब्राह्मण समाज की बैठक समाज अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लाटा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान आगामी 19 अप्रैल को मनाई जाने वाली भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने सर्वसम्मति से जयंती समारोह की रूपरेखा तय की और आयोजन को भव्य बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां भी तय की गईं। समाज अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लाटा ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन सुबह भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों के साथ कस्बे में भगवान श्री परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में भगवान परशुराम से संबंधित कई आकर्षक झांकियां शामिल की जाएंगी, जो लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी।

# गंदे पानी की निकासी नहीं होने से फैल रहा कीचड़, आमजन परेशान

स्मार्ट हलचल

**बेरा।** अजमेर भीलवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर नानपुरा चौराहे के पास पिछले कहीं महिनो से सड़क पर गांव का गंदा पानी निकासी नहीं होने के कारण इकट्ठा हो रहा है जिससे आमजन परेशान हैं ग्रामीणों ने बताया कि जब हाईवे का कार्य चल रा कब पानी निकासी की मांग की गई थी लेकिन कर्मचारियों ने अनदेखा कर यहां पर नाली का पानी निकासी नहीं बनाई जिससे कॉलोनी का नाली का गंदा पानी अब लोगों का समस्या बन गया है गंदा पानीसड़क पर बहता है हाईवे के कर्मचारी इसकी और ध्यान नहीं दे रहे हैं आमजान जाए तो किसके पास ग्राम पंचायत में शिकायत दी तो सरपंच ने बताया कि यह कार्य हमारे अधीन नहीं आता है हाईवे के कर्मचारी करवाएंगे और नेशनल हाईवे विभाग में शिकायत भी की लेकिन समाधान नहीं हुआ



ओमप्रकाश ने बताया कि समस्या को लेकर विभाग पी डी साहब नेशनल हाईवे के अधिकारियों उदयपुर के पास भी शिकायत लेकर गए लेकिन समाधान नहीं हुआ सर्विस लाइन पर पानी भरा रहने से सड़क पर गहरे खड्डे हो जाने के कारण पानी इकट्ठा हो जाता है फिर बाइक से पानी के छीटे पैदल चलने वाले लोगों पर गिरते हैं जिससे लोग परेशान हैं आए दिन एक्सीडेंट भी हो रहे हैं लोगों ने इसकी शिकायत स्थानीय विधायक को भी की है ना जाने समस्या का समाधान कब होगा।

# खबर प्रकाशन के बाद पुर में हुई नालों व नालियों की सफाई

**नालों की सफाई का कार्य ठेके में फिर भी निगम कर्मचारियों द्वारा की गई सफाई**

## ठेकेदार उठा रहा है करोड़ों का भुगतान

स्मार्ट हलचल | पुर

उपनगर पुर के चारों वार्डों में नालो व नालियों की सफाई नहीं होने से कीचड़ भरा होने से कीटाणु उत्पन्न होने से आम जन में गंभीर बीमारियों के फैलने के डर के चलते आमजन द्वारा राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन के जिला अध्यक्ष व भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री रतनलाल आचार्य को अपनी पीड़ा जाहिर की गई जिस पर आचार्य ने आवाज उठाते हुए निगम के जिम्मेदार अधिकारियों व आयुक्त को सूचित करने के उपरांत भी कार्यवाही नहीं होने के कारण स्मार्ट हलचल न्यूज द्वारा आवाज उठाई



। जिस पर निगम के अधिकारियों ने अपनी नींद तोड़ते हुए नालियों की सफाई कर कीचड़ बाहर निकल गया।

तथा नगर परिषद स्वास्थ्य निरीक्षक के नेतृत्व में निगम के ही कर्मचारियों को लगाकर नालों के कीचड़ को एक तरफ करके पानी की निकासी चालू की गई। जबकि इन नालों की सफाई के लिए निगम द्वारा करोड़ों रुपए का ठेका दिया गया है लेकिन ठेकेदार की लापरवाही व निगम के उच्च अधिकारियों की मिली भगत के चलते हैं नालों की सफाई समय पर नहीं करके बिना कार्य किये ही भुगतान उठाया जा रहा है । स्वास्थ्य निरीक्षक ने बताया कि हमारे द्वारा बार-बार ठेकेदार को नालों की सफाई हेतु बोला जाता है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। शहर के सभी बड़े नालों की सफाई का ठेका दिया हुआ है लेकिन सफाई नहीं होने पर हम सभी स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा सोमवार को हमारे उच्च अधिकारियों को लिखित में देकर भी नालों की सफाई के लिए अवगत करवाया गया। आचार्य ने आमजन की समस्या उठाने के लिए स्मार्ट हलचल का आभार व्यक्त किया। आचार्य ने बताया कि नगर निगम का ठेकेदार बिना कार्य किए हर करोड़ों रुपए उठा रहा है जो उच्च अधिकारियों की मिली भगत से ही संभव है जो आमजन के साथ खिलवाड़ करके बड़ा भ्रष्टाचार किया जा रहा है इसकी भी उच्च स्तरीय जांच करने की मांग जिलाधीश भीलवाड़ा को पत्र लिखकर उनके संगठन द्वारा की जाएगी।

# रील बनाने के लिए दुर्ग के रतन सिंह महल की छत पर लगा दी आग

## वीडियो वायरल

**चित्तौड़गढ़।** विश्व विरासत में शामिल चित्तौड़गढ़ दुर्ग के राजा महाराजाओं द्वारा बनाए गए महल और स्मारक लंबे समय से क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन से खतरे को लगातार झेलते हुए धीरे धीरे क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, इस धरोहर को जहां पर्याप्त संरक्षण की आवश्यकता है, इसके विपरित कुछ लोगों द्वारा अपने मनोरंजन या शरारत के चलते इन्हे नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दुर्ग स्थित रतन सिंह महल की छत पर एक युवक ने सोशल मीडिया पर रील बनाकर वायरल करने और मात्र कुछ लाइक बटोरने के लिए पेट्रोल पर डाल कर आग लगा दी गई। जिसका वीडियो एक स्थानीय पर्यटक द्वारा बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। लेकिन घटना के 24 घंटे बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई की सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि प्राचीन स्मारकों, महलों सहित अन्य स्थानों पर असामाजिक तत्वों द्वारा अपने नाम लिखकर, तोड़फोड़ कर क्षति पहुंचाई जाना तो सामान्य माना जाता है। लेकिन किसी प्राचीन महल की छत पर आग लगाने की घटना सम्भवतया पहली बार ही सामने आई है। ऐसे में दोषी व्यक्ति के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। इसके साथ अन्य असामाजिक तत्व भी अखौफ होकर फिर से ऐसी हरकत कर सकते हैं।

# आगुचा खान मजदूर संघ ने भेंट किए सात पंखे



स्मार्ट हलचल

शाहपुरा क्षेत्र स्थित बराटिया गौ उपचार केंद्र में बीमार एवं घायल गौ माताओं की सेवा के लिए निरंतर सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं इसी क्रम में आगुचा खान मजदूर संघ द्वारा गौ सेवा के इस पवित्र अभियान में सहयोग देते हुए सात पंखे समर्पित किए गए।

गौशाला से जुड़े गो भक्तों द्वारा निस्वार्थ भाव से शुरू की गई यह सेवा आज बड़े स्तर पर पहुंच चुकी है उनके समर्पण और सेवा भावना से प्रेरित होकर मजदूर संघ ने यह सहयोग प्रदान किया जिससे गर्मी के मौसम में बीमार गौ माताओं को राहत मिल सकेगी इस अवसर पर गौशाला प्रबंधन एवं समस्त गो भक्तों ने आगुचा खान मजदूर संघ का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से गौ सेवा कार्य को और मजबूती मिलती है गौरतलब है कि गौशाला में निरंतर गौ माताओं के उपचार, देखभाल एवं सेवा के लिए समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा सहयोग किया जा रहा है, जो एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

# हिंदुस्तान जिंक द्वारा स्वास्थ्य सेवा पहल, राजस्थान और उत्तराखंड में 1,100 से अधिक ग्रामीण हुए लाभान्वित

**गायनेकोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ और जनरल फिजिशियन की अनुभवी टीम ने दिया परामर्श**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** हिंदुस्तान जिंक द्वारा सीएसआर के तहत स्वास्थ्य सेवा पहल के अंतर्गत ममता एचआइएमसी के संयुक्त प्रयास से राजस्थान और उत्तराखंड में संचालित इकाइयों के आसपास के क्षेत्र आगुचा, चंदेरिया, जावर, दरिबा और पंतनगर में स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से कुल 1,101 लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं, जिनमें 561 महिलाएं और 540 पुरुष शामिल थे। लाभार्थियों की



सुविधा और अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए डोर-टू-डोर परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, ताकि दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकें। इन शिविरों में गायनेकोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ और जनरल फिजीशियन की अनुभवी टीम द्वारा लाभार्थियों को व्यक्तिगत एवं समग्र परामर्श प्रदान किया। साथ ही, हीमोग्लोबिन जांच, रक्तचाप की जांच और रैंडम ब्लड शुगर स्क्रीनिंग जैसी आवश्यक जांच सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। यह पहल ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के लिए एक सशक्त मॉडल के रूप में उभरी है। इस पहल से स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में आने वाली कमियों को दूर कर जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में सहयोग मिला। हिन्दुस्तान जिंक की सीएसआर पहल के अंतर्गत स्वास्थ्य परियोजना से प्रतिवर्ष 2 लाख से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हो रहे है।

# श्री महेश शिक्षा सदन का परिणाम रहा सर्वश्रेष्ठ



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परिणाम मे श्री महेश सेवा समिति द्वारा संचालित महेश शिक्षा सदन विद्यालय का परीक्षा परिणाम गुणात्मक एवं संख्यात्मक रुप से श्रेष्ठ रहा है जिसमे 73 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व 57 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुए। जिसमे 90 प्रतिशत से ऊपर 3 छात्र/छात्राएं और 80 प्रतिशत से ऊपर 10 छात्र/छात्राएं आये विद्यालय के उत्कृष्ट विद्यार्थी शिवानी शर्मा 91.33 प्रतिशत, धनराज माली 90.50 प्रतिशत व मनीष जाट 90.17 प्रतिशत आए। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले छात्र और छात्राओ को श्री महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश नराणीवाल, सचिव राजेंद्र कुमार कचौलिया, उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल जाखेटिया व संचालक सुरेश चन्द्र काबरा ने माला पहनाकर सम्मानित कर परिवार वालो को बधाई के साथ मुँह मीठा करवाया साथ ही सभी विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आस्था के पथ पर 'रोडवेज' का रोड़ाः भीलवाड़ा से सांवरिया सेठ वाया पहुना राशमी मार्ग पर लाखों श्रद्धालु परेशान, सरकार ने किया निजी भरोसे

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्ण धाम श्री सांवरिया सेठ के दर्शनों की चाह रखने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए सरकारी परिवहन सेवा आज भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। भीलवाड़ा से वाया गुरलां, कारोई, पहुना, राशमी , मातृकुंडिया,शनि धाम, कपासन और भादसोड़ा होकर सांवरिया जी जाने वाला मार्ग धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से, मेवाड़ के आस्था से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान व मार्ग है, लेकिन यहाँ रोडवेज बसों से यह स्थान नहीं जुड़े है।

## धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र, फिर भी उपेक्षा

इस मार्ग पर स्थित गुरलां - पर्यटन स्थल भीलवाड़ा के काश्मीर से जाना जाता,कारोई -अपनी ज्योतिष गणनाओं के लिए विश्व प्रसिद्ध है,28 फिट के लेटें हुए सांवरिया हनुमानजी, पहुंना - मरमी माता का स्थान,राशमी - मेवाड़ का प्रसिद्ध स्थल मातृकुंडिया, शनि महाराज मंदिर (शनि धाम) पश्चिमी राजस्थान के श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है। कपासन - हजरत दिवाना शाह दरगाह, भादसोड़ा - सांवरिया धाम का प्रवेश द्वार मंडपिया - मेवाड़ का प्रसिद्ध सांवरिया सेठ का मन्दिर होने के बावजूद इसके, चित्तौड़गढ़ व भीलवाड़ा के साथ अन्य रोडवेज डिपो द्वारा इस रूट पर बसें नहीं संचालित की जा रही हैं।

## निजी ऑपरेटरों की मनमानी और सुरक्षा का खतरा

रोडवेज बसें नहीं चलने का सीधा फायदा निजी बस संचालक उठा रहे हैं। अत्यधिक किराया : श्रद्धालुओं का आरोप है कि निजी बसों में अक्सर निर्धारित दर से अधिक किराया वसूला जाता है। ओवरलोडिंगः बसों में क्षमता से अधिक सवारियां भरी जाती हैं, जिससे हादसों का डर बना रहता है। समय की अनिश्चितताः निजी बसें सवारियों के चक्कर में हर कस्बे में लंबा ठहराव करती हैं, जिससे यात्रा



का समय बढ़ जाता है।

## बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी

सरकार द्वारा महिलाओं को रोडवेज किराए में दी गई 50% छूट और बुजुर्गों को मिलने वाली रियायतों का लाभ इस मार्ग के यात्रियों को नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि उन्हें मजबूरी में निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि भीलवाड़ा से सांवरिया जी के लिए रोडवेज बस की सुविधा होनी चाहिए।

## 'सरकार को सिर्फ वोट चाहिए, सुविधा नहीं '

स्थानीय ग्रामीण और सांवरिया जी जाने वाले यात्रियों का कहना है कि चित्तौड़गढ़ डिपो इस रूट की अनदेखी कर रहा है। जबकि 80 प्रतिशत क्षेत्र चित्तौड़गढ़ जिले का आता है और धार्मिक स्थलों होने के बावजूद रोडवेज बस चलने की अनदेखी कर रहे हैं राशमी और कपासन जैसे व्यस्त इलाकों के लिए रोडवेज बस सेवा की मांग लंबे समय से लंबित है, लेकिन विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है।

### रोडवेज प्रशासन की मनमानी से एक रुट तो हरा-भरा तो दुसरा रुट बिल्कुल सुखा

रोडवेज प्रशासन ने जहां भीलवाड़ा से सांवरिया सेठ वाया चित्तौड़गढ़ रुट पर चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा सहित अन्य कई डिपो की बहुत सी बसें चलती हैं रोडवेज बस हरा-भरा बना रखा तो दुसरी ओर भीलवाड़ा से सांवरिया सेठ वाया गुरलां कारोई पहुना राशमी मातृकुंडिया शनि धाम कपासन भादसोड़ा रोड पर एक भी बस नहीं चलती है यह मार्ग सुखा हुआ है रोडवेज बसों से इसलिए कारोई पहुना राशमी शनि धाम रुट पर रोडवेज बसें चलाई जाए

### इस रूट पर चलती थी रोडवेज बस उसे भी बन्द कर दिया

सांवरिया सेठ से भीलवाड़ा वाया भादसोड़ा कपासन शनिदेव धाम राशमी पहुना कारोई गुरला के लिए रोडवेज बस चलती थी उसे कोराना के बाद बन्द कर दी

### जनता की मांगः

क्षेत्र के ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने परिवहन विभाग से मांग की है कि भीलवाड़ा से सांवरिया सेठ वाया गुरलां कारोई पहुना राशमी-कपासन मार्ग पर नई दो तीन रोडवेज सेवाओं को तुरंत शुरू किया जाए, जिससे भीलवाड़ा से सुबह रोडवेज बस द्वारा यात्रियों को सांवरिया सेठ के दिन में दर्शन कर वापिस भीलवाड़ा पहुच सकें और सायंकाल भीलवाड़ा से रवाना होने वाली रोडवेज बस यात्री को रात्रि रुकने ओर सुबह वापिसी कर भीलवाड़ा पहुच सकें और धार्मिक उत्सवों और एकादशी, अमावस्या जैसे मौकों पर विशेष शटल बसें चलाई जाए ताकि 'आस्था के पथ' पर सफर सुगम और सुरक्षित हो सके।

# रोपा विद्यालय के छात्र सुरजीत धाकड़ ने 92.33% अंक किए हासिल

स्मार्ट हलचल| रोपा

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की 10वीं कक्षा के घोषित परिणाम में क्षेत्र के छात्र सुरजीत धाकड़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी हासिल की है।

सुरजीत धाकड़, महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रोपा का छात्र हैं।

छात्र की इस शानदार सफलता पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों व शुभचिंतकों ने भी



सुरजीत को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिजनों ने बताया कि सुरजीत शुरू से ही पढ़ाई में मेहनती और लगनशील रहा है, जिसका परिणाम आज सामने आया है। वही छात्र सुरजीत ने रोपा विद्यालय के साथ ग्राम बेरी का भी नाम रोशन किया है।

# 10वीं का रिजल्ट... मैथ्स-साइंस में किसने मारी बाजी

**कुछ विषयों में प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर**

**टॉप स्कोर हासिल करने वाले विद्यार्थियों की संख्या सीमित**

स्मार्ट हलचल

अजमेर/राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर ने कक्षा 10वीं का परिणाम जारी कर दिया है। करीब 10 लाख 68 हजार 109 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे। कई विषयों में छात्रों ने उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं, जबकि कुछ विषयों में प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा है। विषयों के अनुसार अगर परिणामों को देखा जाए तो गुजराती भाषा में सबसे ज्यादा अच्छा प्रदर्शन रहा है। इसका परिणाम 100 फीसदी रहा है। वहीं, हेल्थ केयर विषय में 92.40 प्रतिशत विद्यार्थी ही पास हो सके। हेल्थ केयर विषय का परिणाम सबसे खराब रहा है।

हिंदी विषय में नियमित छात्रों में 99.22 प्रतिशत और प्राइवेट छात्रों में 99.20 प्रतिशत विद्यार्थी पास हो सके हैं। वहीं, संस्कृत में 99.31 फीसदी विद्यार्थी पास हुए हैं। पंजाबी में 99.03 फीसदी परिणाम रहा।

अगर विशेष विषयों की बात की जाए तो गणित में 96.98 फीसदी नियमित विद्यार्थी पास हुए हैं। इसमें परीक्षा देने वाले निजी स्कूलों के विद्यार्थियों का पास प्रतिशत 96.92 फीसदी रहा है। विज्ञान विषय में नियमित छात्रों में 96.93 प्रतिशत और निजी स्कूलों के विद्यार्थियों में 96.88 फीसदी पास हुए हैं। वहीं समाजिक विज्ञान विषय में नियमित विद्यार्थियों का प्रतिशत 97.96% रहा और निजी स्कूलों के विद्यार्थियों में 97.92% फीसद पास हुए हैं। हेल्थ केयर विषय में सबसे कम यानि 92.40 फीसदी विद्यार्थी पास




हो सके हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी गणित और विज्ञान विषयों में इस बार पास प्रतिशत अन्य विषयों की तुलना में थोड़ा कम रहा है। खासकर टॉप स्कोर हासिल करने वाले विद्यार्थियों की संख्या सीमित दिखी है। विषयवार आंकड़ों पर नजर डालें तो हिंदी में 10 लाख 48 हजार 893 में से 10 लाख 40 हजार 573 छात्र सफल रहे हैं। इसका पास प्रतिशत 99.20 दर्ज किया गया। अंग्रेजी में 10 लाख 48 हजार 891 में से 10 लाख 26 हजार 518 छात्र पास हुए। इसमें पास प्रतिशत 97.86 रहा है। विज्ञान में 96.88 प्रतिशत और सामाजिक विज्ञान में 96.92 प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की, जबकि गणित में 96.98 प्रतिशत परिणाम दर्ज हुआ। व्यावसायिक विषयों की बात करें तो ऑटोमोटिव में 98.23 प्रतिशत और ब्यूटी एंड वेलनेस में 97.75 प्रतिशत परिणाम रहा। वहीं, हेल्थ केयर (92.40 प्रतिशत) और आईटी एवं आईटीईएस (92.88 प्रतिशत) में अपेक्षाकृत कम सफलता दर देखने को मिली है। रिटेल में 96.97 प्रतिशत, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी में 96.44 प्रतिशत और सिक्योरिटी में 95.50 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा पास की है।

# घरेलू गैस सिलेंडर 14 किलो के बजाय 10 किलो देने की तैयारी दुर्भाग्यपूर्ण

स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** राजस्थान सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक और तो प्रधानमंत्री बयान दे रहे है कि गैस की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है कोई कमी नहीं है दूसरी और घरेलू गैस सिलेंडर 14 किलो के बजाय 10 किलो देने की तैयारी की जा रही जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है एवं अडानी को फायदा पहुंचाने की नियत से अवसर तलाश कर रहे है, उन्होंने कहा कि एक समाचार पत्र के माध्यम से जानकारी के अनुसार तेल कंपनिया गैस सिलेंडर में गैस की मात्रा कम करने का मास्टर प्लान तैयारी कर रही है जो कि गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के साथ एक धोखा होगा उपभोक्ता कैसे तय करेंगे कि आपूर्ति होने वाले सिलेंडर में 10 किलो गैस पूरी है, किसमे 8 किलो, 7 किलो, 6 किलो तक भी हो सकती है गैस का वजन तय करने की तैयारी से उपभोक्ताओं को ज्यादा नुकसान



होगा इससे अच्छा सिलेंडर देने की समय सीमा बढ़ाकर पूरा 14 किलो का सिलेंडर देना आमजन के साथ न्याय संगत होगा। मोदी सरकार की विदेश नीति पूरी तरह फेल हो चुकी है आज डॉलर आज तक के इतिहास को पार कर चुका है रुपया का गिरना मोदी सरकार की विफलता है। पूर्व में भी यूपीए सरकार के बाद आई मोदी सरकार ने किसानों के साथ भी धोखा किया था यूरिया खाद जो यूपीए सरकार में 50 किलो 200 रुपए में मिलता था उसके बाद आई सरकार ने यूरिया खाद के बोरी का वजन 45 किलो करते हुए कीमत 280 रुपए कर दिए थे। इसलिए ऐसा कोई भी प्रयास करना न्याय संगत नहीं होगा।

# दाधीच समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, गोठ-मांगलोद मंदिर के पुजारियों पर कार्रवाई की मांग

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

नागौर जिले के गोठ-मांगलोद स्थित दाधीच समाज की कुलदेवी माता दधिमती के मंदिर में हुई अभद्रता और मारपीट की घटना के विरोध में बुधवार को भीलवाड़ा दाधीच समाज में भारी रोष देखा गया। समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि मंदिर के पुजारियों ने समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दाधीच के साथ दुर्व्यवहार, अभद्रता और




मारपीट की। आरोप है कि पुजारियों ने लंबे समय से मंदिर परिसर में आतंक और भय का वातावरण बना रखा है, जिससे देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुँच रही है। समाज ने मुख्य मांगें रखी जिसमे घटना के दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध तुरंत स्नढ्ढ दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। मंदिर की संपूर्ण व्यवस्था को जिला प्रशासन अपने हाथ में ले ताकि वहां भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित हो सके शामिल है । इस अवसर पर जिला दाधीच मंडल अध्यक्ष राजमल जोशी कांदा, न्यास अध्यक्ष हरि प्रकाश कंठ के नेतृत्व में समस्त भीलवाडा जिले से समाज के जगदीश शर्मा, निरंजन राजस्थला, कैलाश चंद्र हलेड, पं अशोक शर्मा, सत्यदेव त्रिपाठी, शंकरलाल ओझा, जगदीस शर्मा भगवानपुरा, दुर्गेश शर्मा, आनंदीलाल, अशोक जोशी, कुश, कमलेश आचार्य, प्रकाश , गोपाल शर्मा, रमेश शर्मा एवम अनेक

# विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

रज़ा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी की जानिब से दिनांक 23 मार्च 2026 को पुरानी ईदगाह मस्जिद स्थित मदरसे में कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक प्रभावी करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु सही मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का आगाज़ जनाब अलीम रिज़वान अशरफी साहब ने तिलावते कुरान से किया तथा बच्चों के अच्छे मुस्तकबिल के लिए ख़ास दुआ भी फरमाई।

इस अवसर पर निंबाहेड़ा के अनुभवी एवं प्रतिष्ठित शिक्षकों के



साथ आरएनटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस से जनाब वसीम साहब एवं उनकी टीम ने विशेष रूप से शिरकत की। वसीम साहब एवं उनकी टीम के प्रत्येक सदस्य ने अपने-अपने विषय के अनुरूप विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, विभिन्न कोर्सेज एवं करियर के विविध क्षेत्रों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने इस मार्गदर्शन सत्र को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की हौसला अफजाई हेतु अनेक गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे, जिनमें जनाब सैयद साजिद अली, अयूब सर, फ़ैज़ अहमद साहब, आसिम सर, तालिब सर, पुरानी ईदगाह मस्जिद के सदर जनाब मुनव्वर खान, कृति संस्थान से जनाब सीराज खान एवं अशरफ खान प्रमुख रूप से शामिल रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन सोसायटी के अध्यक्ष जनाब हाजी फारूक साहब द्वारा किया गया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया, जिससे विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति उत्साह और अधिक प्रबल हुआ। इस अवसर पर सोसायटी के सक्रिय सदस्यों के रूप में यासीन एडवोकेट, राशिद खान, आमिर अनवर, सिकंदर खान, नाजिम अंसारी एवं शाहरुख खान की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार प्रकट करते हुए किया गया।

# जागरूकता से टीबी मुक्त भारत का सपना होगा साकारः विधायक आक्या



स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** आमजन को जागरूक कर टीबी मुक्त भारत का सपना साकार किया जा सकता है। टीबी पूरी तरह से ठीक होने वाली बिमारी है, बशर्ते मरीज नियमित रूप से डॉक्टर की सलाह अनुसार दवा लेवें। सरकार और स्वास्थ्य संगठन लगातार इस बिमारी को खत्म करने के लिए प्रयास कर रहे है। जागरूकता ही इस बिमारी से लड़ने का सबसे बड़ा हथियार है। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या मंगलवार को विश्व क्षय दिवस पर पोस्टर का विमोचन करते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित क्षैत्रवासियो को संबोधित कर रहे थे।

टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के प्रभारी डा. राकेश भटनागर ने बताया की विश्व क्षय दिवस पर अभियान के द्वितीय फेज में 100 दिवस की कार्य योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत विभिन्न स्थानो पर आयुष्मान शिविरो के माध्यम से इस बिमारी से पीड़ित छुपे हुए रोगियो को ढुंढकर उनका ईलाज किया जाएगा।

इस अवसर पर डा. मानवेन्द्र, समन्वयक अमित प्रजापत, चन्देरिया नगर मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़, राजन माली, पूर्व पार्षद बालकिशन भोई, रामप्रसाद सुखवाल, पीनू मेनारिया, रामप्रसाद बगेरवाल, मुकेश काबरा सहित बड़ी संख्या में क्षैत्रवासी उपस्थित थे।

# गोदाणियों धतरवालों की ढाणी में वार्षिकोत्सव पर भव्य वॉलीबॉल प्रतियोगिता

स्मार्ट हलचल

**बायतु।** बायतु क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोदाणियों धतरवालों की ढाणी में वार्षिकोत्सव के अवसर पर एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे दिन खेल का रोमांच बना रहा। खेल संयोजक पूर्णाराम जी ने बताया कि प्रतियोगिता में बालोतरा जिले की 15 टीमों के लगभग 105 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5100 रुपये, द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीम को 2100 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 1100 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पारितोषिक देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमरथाराम जी (प्रधान, बायतु), विशिष्ट अतिथि सताराम जी धतरवाल तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरचंद जी ने की। वहीं समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता जसवंत जी मूंढ रहे।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कुंभाराम जी धतरवाल, गोरधनराम जी (क्क्षश्वह), रामाराम जी (क्क्षश्वह), गोरखाराम जी धावक, जोगाराम भोजासर, धर्माराम जी धतरवाल एवं रामराम जी ('ह्र' बोड़वा) सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।आयोजन को सफल बनाने में भामाशाह के रूप में विक्रम धतरवाल, पूर्णाराम सारण एवं चेतन सिंह सियोल का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन मेहन्द्र जी मूंढ ने किया, जबकि निर्णायक की भूमिका गणपत सियाग, नरेंद्र धतरवाल, धर्मेंद्र डोगियाल एवं दलाराम पंवार ने निभाई।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के परीक्षा परिणाम में लहराया परचम



स्मार्ट हलचल

**निवाई।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा जारी 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में उपखंड क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी



अभिषेक मीणा बाढ छोरियां

विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने श्रेष्ठ अंक प्राप्त करके परचम लहराया है। सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य गोविन्दनारायण शर्मा ने बताया कि 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र नन्दन शर्मा पुत्र अरूणकुमार शर्मा ने निवाई ब्लॉक में सर्वाधिक 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के छात्र आशीष मीणा ने 94.67 प्रतिशत, नितिन गुर्जर ने 93.17 प्रतिशत, खुशी सैनी पुत्री मुकेश सैनी ने 93.33 प्रतिशत, नेहा सैनी ने 92.50 प्रतिशत, अभिषेक मीणा व मनीष गुर्जर ने 91.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। इसी प्रकार टींकलबेल स्कूल के निदेशक राकेश भदोरिया ने बताया कि विद्यालय के छात्र रविन्द्रसिंह पुत्र दुर्गासिंह राजावत ने 93.33 प्रतिशत, छात्रा शिखा पाल पुत्री विजय पाल ने 93.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। इसी प्रकार ईमानुअल मिशन स्कूल की प्रिंसीपल मिनी ए जॉर्ज व अगस्तिन ए जॉर्ज ने बताया कि विद्यालय के छात्र कल्पित गुप्ता पुत्र मनीष गुप्ता ने 97 प्रतिशत, सक्षिका जैन पुत्री देवेन्द्रकुमार जैन ने 96.33 प्रतिशत, अमन चौधरी पुत्र राजेश चौधरी ने 96 प्रतिशत, मान्य जैन पुत्र नरेशकुमार जैन ने 96 प्रतिशत व अक्षत जैन पुत्र मनीषकुमार जैन ने 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली के प्रधानाचार्य योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि छात्र तन्मय कुमार लोदी पुत्र जगन्नाथ बैरवा ने 95.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। एमडीएस विद्यालय जमात के निदेशक ब्रजसुन्दर शर्मा व प्रधानाचार्य गंगाधर बैरवा ने बताया कि छात्र मोहितकुमार चौधरी पुत्र राजेन्द्रकुमार चौधरी ने 90.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसी प्रकार सेन्ट्रल पब्लिक एकेडमी उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजी कॉलोनी के सचिव कमलेशकुमार गौतम ने बताया कि छात्रा नेहा सैनी पुत्री लालचन्द सैनी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है।

# बिम्सटेक यूथ प्रोग्रामः युवाओं ने लिया सतत जीवन शैली, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

स्मार्ट हलचल

**भोपाल।** विदेश मंत्रालय ने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सहयोग से 17-23 मार्च तक मध्य प्रदेश में 'बिम्सटेक यूथ कल्चरल हेरिटेज एंड सस्टेनेबिलिटी इमर्शन प्रोग्राम' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिम्सटेक में युवा आदान-प्रदान को मजबूत करने के लिए घोषित पहलों के तहत आयोजित किया गया। इसमें बिम्सटेक के सात सदस्य देशों- बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड के 80 से अधिक युवाओं ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान, विरासत संरक्षण और 'मिशन लाइफ' (पर्यावरण



अनुकूल जीवनशैली) पर फोकस किया।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा इस पहल का उद्देश्य लोगों के बीच आपसी जुड़ाव को मजबूत करना है, साथ ही बिम्सटेक के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों, संस्कृति, पर्यावरण और युवा जुड़ाव, में सहयोग को आगे बढ़ाना है।

मंत्रालय ने कहा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का पहला चरण सांस्कृतिक विरासत के अनुभव पर केंद्रित था, जहां प्रतिभागियों ने संग्रहालयों, विरासत स्थलों और जनजातीय सामुदायिक केंद्रों का दौरा किया तथा विभिन्न संस्कृतियों के बीच संवाद और चिंतन सत्रों में भाग लिया। कार्यक्रम का दूसरा



चरण पचमढ़ी बायोस्फीयर रिज़र्व में आयोजित हुआ, जहां प्रतिभागियों ने एक 'पर्यावरण नेतृत्व मॉड्यूल' में हिस्सा लिया, इसमें वन पारिस्थितिकी कार्यशालाएं, स्थिरता परियोजनाएं, पर्यावरण-पर्यटन पहलें, साहसिक गतिविधियां और टीम-निर्माण अभ्यास शामिल थे।

यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री की 'मिशन लाइफ' पहल के अनुरूप है, जो युवाओं के बीच सतत जीवन शैली और पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देता है, इसे अनुभव-आधारित शिक्षा, साथियों के बीच संवाद और सहयोगात्मक परियोजनाओं के आधार पर तैयार किया गया है। मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया और प्रतिभागियों के साथ संवाद किया।

इस कार्यक्रम के महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए, जिनमें साझा सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत के प्रति गहरी समझ, प्रतिभागियों के बीच नेतृत्व और विभिन्न संस्कृतियों के साथ तालमेल बिठाने की क्षमताओं में वृद्धि तथा निरंतर सहयोग सुनिश्चित करने के लिए एक 'बिम्सटेक युवा स्थिरता नेटवर्क' की स्थापना शामिल है। यह पहल बिम्सटेक ढांचे के अंतर्गत क्षेत्रीय जुड़ाव को गहरा करने और युवाओं को सांस्कृतिक कूटनीति तथा सतत विकास के दूतों के रूप में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बिलोता पंचायत में हरित नियमों की धज्जियां: सरपंच पर सरकारी अवैध पेड़ कटाई के आरोप-कार्रवाई के बजाय प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

## जांच में दोषी पाए जाने के बावजूद एफआईआर नहीं-जिम्मेदार अफसरों पर आरोप-कौन बचा रहा है दोषियों को?

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** उनियारा उपखण्ड अंतर्गत अलीगढ़ तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिलोता में पर्यावरण संरक्षण के नियमों को दरकिनार कर हरे-भरे पेड़ों की कटाई का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि बिलोता पंचायत के सरपंच (प्रशासक) सुरेश मीणा निवासी खेड़ली ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए बिना प्रशासनिक अनुमति पेड़ों को कटवाया।

शिकायतकर्ता लोकेश मीणा सहित ग्रामीणों का कहना है कि पूरे मामले में जांच होने के बावजूद अब तक दोषियों पर कोई ठोस कानूनी




कार्रवाई नहीं की गई तथा जांच को जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा गुमराह किया जाता रहा है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बिलोता के राजस्व ग्राम खेडली में स्थित सार्वजनिक स्थान राजकीय विद्यालय व पानी की टंकी के पास कई बड़े पेड़ मौजूद थे, जिन्हें ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों के अनुसार ग्राम पंचायत बिलौता सरपंच सुरेश मीणा द्वारा 11 जून 2025 को अवैध रूप से कटवा दिया गया। इसके बाद जांच में दोषी पाए जाने पर तहसील कार्यालय द्वारा सरपंच को पाबंद किया गया, लेकिन उसके बाद भी सरपंच अपनी भ्रष्ट आचरण जैसी हरकतों से बाज नहीं आया। उसके बाद पाबंद होने पर भी दूसरी बार 4 अगस्त 2025 को सरपंच ने अपनी हठधर्मिता से बिना अनुमति के हरे पेड़ कटवा दिए। मामले की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने 5 अगस्त को तहसील प्रशासन को साक्ष्यों सहित शिकायत दी।इसके बाद मौके की जांच के निर्देश भी दिए गए। पटवारी स्तर पर जांच रिपोर्ट में एक बार पाबंद होने के बावजूद भी दूसरी बार हरे पेड़ों के कटाई की पुष्टि होने के बावजूद आज तक न तो कोई एफआईआर दर्ज हुई और न ही दोषियों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई की गई।

### प्रशासनिक जवाबदेही पर उठे सवाल

इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जांच में तथ्य सामने आ चुके हैं, तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं? क्या स्थानीय स्तर पर अधिकारियों द्वारा मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है? क्या दोषी जनप्रतिनिधि होने के कारण प्रशासन नरमी बरत रहा है? क्यों अब तक निलंबन या कानूनी कार्रवाई नहीं हुई? क्या पर्यावरण संरक्षण सिर्फ कागजों तक सीमित है?

### शिकायतकर्ताओं की मांग

मामले को लेकर शिकायतकर्ताओं ने मुख्यमंत्री, लोकायुक्त, पंचायती राज मंत्री और संबंधित विभागों को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि दोषी सरपंच/प्रशासक के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। पद के दुरुपयोग पर निलंबन व कानूनी कार्रवाई हो, मामले की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए।

### निष्कर्ष

एक ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि सरपंच द्वारा नियमों की अनदेखी और प्रशासन की निष्क्रियता पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर रही है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में कब तक चुप्पी तोड़ते हैं और दोषी सरपंच (प्रशासक) सुरेश मीणा निवासी खेड़ली सहित ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बिलौता पर कब कार्रवाई होती है।

# इटावा के महामंडलेश्वर शिवम जी महाराज बने शंकराचार्य



स्मार्ट हलचल | इटावा

सनातन धर्म की रक्षा, गौ संरक्षण एवं राष्ट्रहित के व्यापक उद्देश्य को लेकर जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष पीठाधीश्वर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा 'चतुरंगिणी सेना' का गठन किया गया है। इस महत्वपूर्ण गठन में इटावा के बिट्ठल आश्रम के पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर शिवम जी महाराज को 'जन बल का अंगाध्यक्ष' नियुक्त किया गया है।

चतुरंगिणी सेना को चार प्रमुख अंगों में विभाजित किया गया है मन बल, तन बल, धन बल और जन बल। इन चारों अंगों के माध्यम से समाज में धार्मिक चेतना, संगठन शक्ति और सेवा कार्यों को मजबूती प्रदान की जाएगी।

शिवम जी महाराज के नेतृत्व में आदि शक्ति गौ रक्षा अखाड़ा इस इस दिव्य एवं संगठित पहल की शुरुआत देश भर से चयनित 27 प्रमुख व्यक्तित्वों के साथ की गई है, जो आगे चलकर पूरे भारत में इस सेना का विस्तार करेंगे। सेना का अभिन्न अंग बनकर कार्य करेगा, जिसके संरक्षक स्वयं शंकराचार्य महाराज होंगे। इससे गौ रक्षा एवं धर्म संरक्षण के कार्यों को एक नई दिशा और गति मिलने की संभावना है। शंकराचार्य महाराज ने इस सेना के लिए एक स्पष्ट और प्रभावशाली नारा दिया है 'टोको, रोको और ठोको '। इसका अर्थ स्पष्ट करते हुए बताया गया कि पहले अधर्म एवं अन्याय के विरुद्ध लोगों को टोका जाएगा फिर उन्हें गलत कार्यों से रोका जाएगा। और यदि फिर भी वे नहीं मानते, तो उन्हें कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से ठोका जाएगा। यह 'ठोकना' किसी प्रकार की अराजकता नहीं, बल्कि कानून के दायरे में रहते हुए शिकायत दर्ज कराना, समाज के सामने सत्य प्रस्तुत करना और गलत कार्यों का विरोध करना है। शिवम जी महाराज ने चतुरंगिणी सेना का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा, गौ माता का संरक्षण, निर्बलों एवं पीड़ितों की सहायता, समाज में धर्म एवं नैतिकता का प्रचार-प्रसार बताया है।

प्रथम चरण में चयनित 27 प्रमुख प्रतिनिधियों में आदि शक्ति गौ रक्षा अखाड़ा के महामंडलेश्वर दीपकेश्वरानंद जी महाराज तथा चित्रकूट धाम से महामंडलेश्वर पूज्य राजेंद्र दास जी महाराज का नाम भी सम्मिलित किया गया है, जिससे इस अभियान की गरिमा और व्यापकता और अधिक बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि आने वाले समय में इस सेना का विस्तार पूरे भारतवर्ष में किया जाएगा, जिससे यह एक मजबूत, संगठित और प्रभावशाली धार्मिक एवं सामाजिक शक्ति के रूप में स्थापित हो सके। इस पहल को लेकर संत समाज एवं धर्मप्रेमियों में उत्साह का वातावरण है और इसे सनातन जागरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बलिदान दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि


**बेगूं।** यंग इंडिया मूवमेंट द्वारा सोमवार को लालबाई फूलबाई चौक में बलिदान दिवस व शहीद हेमू कालानी की जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि सभा एवं नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। वहीं सम्मान समारोह में गोकुल शर्मा द्वारा गायकी से प्राप्त उपहार राशि को गौशाला में दान करने के लिए, विकास अधिकारी सुरेश गिरी गोस्वामी को पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान और वृक्षारोपण के प्रति सजगता के लिए एवं कृषि उपज मंडी समिति के सचिव रामलाल गुर्जर को कृषि मंडी को सुचारू रूप से संचालित करने और किसान के हित में किये गये कार्यो के लिए अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा सम्मानित किया गया। श्रद्धाजंलि सभा एवं सम्मान समारोह में मुरलीधर दिवाकर, किशन लाल कुम्हार, राजकुमार लखी, मुरलीधर शर्मा, मुरली आजाद वैष्णव, भरत दिवाकर, गोविंद, राम चंद्र सेन, राम चंद्र, राजुलेंद्र सुराणा, लक्ष्मण शर्मा, मुकेश तंबोली और महेंद्र सिंह राठौड़ सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन इंद्रदेव सेन ने किया।

# नारायणपुर के कुश सिंघल ने 99.33% अंक प्राप्त कर किया क्षेत्र का नाम रोशन

स्मार्ट हलचल | बानसूर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार कों 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया हैं। परिणाम में राजधानी स्कूल नारायणपुर के छात्र कुश सिंघल के 99.33% अंक प्राप्त किए हैं। कुश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्कूल के शिक्षकों और



माता-पिता को दिया। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के दौरान उन्होंने कभी भी देर रात तक पढ़ाई नहीं की, बल्कि सुबह जल्दी उठकर नियमित रूप से अध्ययन किया। कुश ने यह भी बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने किसी शादी समारोह या अन्य सामाजिक कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया।

इसी तरह कस्बे के सेंट जेवियर स्कूल बानसूर की छात्रा पलक राठौड़ नें 98.33 % व छात्र लक्ष्य नें 98.17% एवं छात्रा शिखा नें 98.00%प्राप्त किए हैं। तों वहीं सरस्वती मॉडर्न स्कूल की छात्रा कृतिका यादव ने भी 97.00% व पवन यादव ने 97% अंक प्राप्त किए हैं। सनराईज पब्लिक स्कूल बानसूर के छात्र आयुष यादव ने 98.50% अंक प्राप्त किए हैं। तों वहीं आरसीआई स्कूल बानसूर की छात्रा तन्नु सैनी नें भी 96.00% अंक प्राप्त किए हैं।

# सूरौठ में चार दिवसीय गणगौर मेले का समापन

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

कस्बे में चल रहे चार दिवसीय गणगौर मेले का समारोह पूर्वक समापन किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी मुकेश पाराशार थे तथा अध्यक्षता मेला कमेटी के संयोजक राम अवतार शर्मा ने की। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजावत, विशन महावर, थाना प्रभारी सोहन सिंह गुर्जर, प्रदेश कांग्रेस सचिव राजीव शुक्ला एवं ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल पाराशर विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हेला ख्याल दंगल गायन पार्टियों के गायक कलाकारों एवं मेले के आयोजन में सराहनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को पुरस्कार सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी पाराशर एवं अन्य अतिथियों ने बामनवास, हनुमान मंडल मीना बड़ौदा, बजरंग मंडल खरैरी, सूरौठ, रामसहाय मंडल हिंडौन, सोंप, खान खेड़ा, जटवाडी, जाहीरा, बागरैन आदि हेला ख्याल गायन पार्टियों के कलाकारों को साफे व मालाएं पहनाकर तथा भगवान राम की तस्वीर, पुरस्कार सामग्री एवं नगद पारितोषिक राशि भेंट कर सम्मानित किया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए थाना प्रभारी सोहन सिंह गुर्जर, गजराज मीणा एवं अन्य पुलिस कर्मियों का सम्मान किया गया।गणगौर शोभा यात्रा में जल सेवा देने वाले दौजी प्रजापत, झांकियों में सहयोग करने वाले लोगों व बैंड संचालकों को भी पुरस्कार सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग के पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ घनश्याम व्यास, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष घनश्याम सेठ, बाबू खान, सुरेंद्र विजय, नरेंद्र बाबा, कांग्रेस के ब्लॉक प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी, संपत कटकडिया, केदार मीणा, अमर सिंह मीणा, सुरेश शर्मा, विश्राम मीणा, रमाकांत शर्मा, राम चरण जंगम, राजेंद्र शर्मा, सिप्पी शर्मा, कमलेश महावर, रामप्रताप पाराशर, राजेंद्र विजय, दीनदयाल पाराशर, नथोली मीणा, गिरधारी सोनी, मगन मीणा, राम अवतार पाराशर, राकेश शुक्ला, संजय विजय, भगवान ठठेरा, सेवाराम अध्यापक, संतोष शर्मा आदि ने गायक कलाकारों को सम्मानित किया। समापन कार्यक्रम का खर्चा समाजसेवी मुकेश पाराशर की ओर से किया गया। अंत में निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राम अवतार शर्मा ने गणगौर मेले के समापन की घोषणा की।

# नागौर में हमले के विरोध में दाधीच समाज का प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल | कोटा

श्री महर्षि दधीचि छात्रावास समिति, कोटा के नेतृत्व में दाधीच समाज के प्रतिनिधियों ने नागौर जिले के गोठ मांगलोद स्थित मंदिर में पुजारियों द्वारा कथित हमले के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) वीरेंद्र सिंह यादव को सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि अखिल भारतवर्षीय दाधीच (दाहिमा) ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों पर हुआ हमला न केवल व्यक्तियों पर, बल्कि पूरे दाधीच समाज की भावनाओं पर आघात है। साथ ही यह घटना गोठ मांगलोद स्थित माँ दधिमती मंदिर की गरिमा के भी विपरीत बताई गई।

समिति अध्यक्ष रविन्द्र जोशी ने कहा कि इस घटना को लेकर देशभर के दाधीच समाज में गहरा रोष व्याप्त है और सभी दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। वहीं महामंत्री निमेष पुरोहित ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में कोषाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा, राम कल्याण दाधीच, राजेश दाधीच, नरेंद्र मोहन दाधीच, विष्णु दाधीच, बुद्धि प्रकाश दाधीच, अमित दाधीच (कोयला), प्रेम बिहारी दाधीच, एड. बनवारी दाधीच, एड. चंद्र प्रकाश दाधीच, युवा अध्यक्ष कमल दाधीच, महिला अध्यक्ष स्मिता दाधीच, विनीता जोशी, पुष्पा दाधीच, पूर्णिमा दाधीच सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। समाज के प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार से घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# भाई की हत्या का आरोपी रमेश व उसकी पत्नि आशा बाई गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | बूंदी

जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने बताया की पुलिस थाना दबलाना द्वारा अभियोग संख्या 73/2026 धारा 115(2), 126(2), 3(5), 124(1) बी.एन.एस.2023 मे मृतक लक्ष्मण पुत्र स्व.घासीलाल निवासी ठीकरदा जिला बून्दी की दिनांक 23.03.2026 को दोराने ईलाज मृत्यु होने पर धारा 103(1) बी.एन.एस.2023 एड की जाकर त्वरित कार्यवाही कर प्रकरण मे घटना कारित करने वाले आरोपीगण 01.रमेश पुत्र स्व.घासीलाल उम्र 31 साल निवासी ठीकरदा पुलिस थाना दबलाना जिला बून्दी 02.आशा बाई पत्नि रमेश उम्र 23 साल निवासी ठीकरदा पुलिस थाना दबलाना जिला बून्दी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।


उल्लेखनीय है कि दिनांक 16.03.2026 को शाम को 06 बजे करीब की घटना है कि मृतक लक्ष्मण पुत्र स्व.घासीलाल निवासी ठीकरदा थाना दबलाना स्वंय की मोटरसाईकिल से खेत पर गया था कि रास्ते मे नहर के रोडाम पर पहुचा कि उसी समय सामने से मृतक का छोटा भाई रमेश व उसकी पत्नि आशा बाई दोनो मोटरसाईकिल से आये ओर आते ही मोटरसाईकिल खडी करके मृतक की तरफ पत्थर फेंककर मारपीट की तथा बाद मे रमेश ने बाथ भर कर मृतक को पकड लिया तथा रमेश की पत्नि आशा ने मोटरसाईकिल की डिग्गी मे रखी पैट्रोल की बोतल से मृतक लक्ष्मण के शरीर पर पैट्रोल छिडक दिया तथा आशा बाई ने माचिस की तिल्ली मृतक के आग लगा दी । इत्यादी पर्चा बयान पर अभियोग संख्या 73/2026 धारा 115(2), 126(2), 3(5), 124(1) बी.एन.एस.2023 मे दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया गया ।

पुलिस कार्यवाहीः- जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी द्वारा प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए प्रकरण में वांछित आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है । उक्त निर्देशो की पालना में अति. पुलिस अधीक्षक बून्दी श्रीमति उमा शर्मा के मार्गदर्शन एवं वृताधिकारी वृत हिण्डोली श्री अजित मेघवंशी आरपीएस के सुपरविजन मे व श्रीमती प्रिया व्यास पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना दबलाना के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया । पुलिस टीम द्वारा प्रकरण हाजा मे दोराने अनुसंधान मृतक लक्ष्मण के मृत्युकालीन बयान मजिस्ट्रेट नियुक्त कर करवाये गये व मृतक का मेडिकल मुआयना करवाया गया । मृतक की दोराने ईलाज एस.एम.एस.अस्पताल जयपुर मे मृत्यु हो जाने पर प्रकरण मे धारा 103(1) बी.एन.एस.2023 एड कर मुल्जिमानो की त्वरित गिरफ्तारी हेतु तलाश शुरु की गयी । टीम द्वारा तकनिकी साक्ष्यो का संकलन एवं गहन विश्लेषण कर, लगन व कडी मेहनत से आज दिनांक 24.03.2026 को प्रकरण के मुख्य आरोपी रमेश व आशा बाई को देवली से डिटेन कर बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बेगूं।** उपखण्ड क्षेत्र के पारसोली एवं मालीपुरा रेलवे लाईन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गुसाईयों की झोंपड़िया निवासी ओमप्रकाश पिता रमेश गिरी की पारसोली एवं मालीपुरा रेलवे लाइन पर कोटा मंदसौर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे पुलिस की सूचना पर पारसोली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। घटना की जानकारी




मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। पारसोली पुलिस द्वारा घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# लोकेश कुमार बैरवा ने किया नाम रोशन, 8वीं बोर्ड में ए ग्रेड हासिल की

स्मार्ट हलचल | बांदीकुई

उपखंड के अंतवाड़ा निवासी होनहार छात्र लोकेश कुमार बैरवा



ने 8 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ए ग्रेड हासिल कर परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। लोकेश कुमार बैरवा/अमर चन्द बैरवा के पुत्र हैं। और वर्तमान में विकास आदर्श विद्या मंदिर स्कूल, अंतवाडा बढ़ बांदीकुई का छात्र हैं। लोकेश कुमार बैरवा की इस शानदार सफलता पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने लोकेश को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम उसकी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी लोकेश से प्रेरणा लेने की बात कही। परिवार की बात करें तो लोकेश के पिता अमर चन्द बैरवा हैं, जबकि माता विमला देवी गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद लोकेश ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। लोकेश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुओं को देते हुए कहा कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है।भविष्य में वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश सेवा करना चाहती है।

लोकेश की इस उपलब्धि पर परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कोटा विश्वविद्यालय और हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के बीच एमओयू

## छात्रों को मिलेगा तनाव प्रबंधन और जीवन कौशल का प्रशिक्षण : प्रो भगवती प्रसाद सारस्वत, कुलगुरु

स्मार्ट हलचल | कोटा

कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समग्र विकास और छात्रों के मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उदेश्य से कोटा विश्वविद्यालय, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कृषि विश्वविद्यालय कोटा और हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के अंतर्गत कोटा विश्वविद्यालय और हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट दोनों संस्थाएं मिलकर छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए ध्यान, योग, जीवन कौशल, तनाव प्रबंधन तथा व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन करेंगी। एमओयू के तहत ध्यान सत्र, वेलनेस कार्यक्रम, फैकल्टी डेवलपमेंट इनिशिएटिव्स तथा विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल संचालित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में भी सहयोग की संभावनाएं तलाश की जाएंगी। यह साझेदारी शिक्षा प्रणाली में मानवीय मूल्यों और आंतरिक शांति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर भगवती प्रसाद सारस्वत ने कहा कि आज के इस दौर में विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के साथ-साथ तनाव प्रबंधन भी आवश्यक है। इस प्रतिस्पर्धात्मक एवं तनावपूर्ण वातावरण में विद्यार्थियों के लिए केवल शैक्षणिक



उत्कृष्टता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि मानसिक संतुलन, भावनात्मक स्थिरता एवं आंतरिक शांति भी उतनी ही आवश्यक है।

हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के सहयोग से विश्वविद्यालय में ध्यान, योग एवं जीवन कौशल आधारित गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय के छात्रों और संकाय सदस्यों को हार्टफुलनेस संस्थान द्वारा प्रमाणित 'प्राणाहुति' आधारित ध्यान और तनाव प्रबंधन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

वर्तमान समय में उच्च शिक्षा के साथ-साथ मानसिक शांति और आंतरिक संतुलन अत्यंत आवश्यक है। यह एमओयू छात्रों में कुशलता के साथ साथ संतुलित और संवेदनशील नागरिक बनाने में मदद करेगा। इस साझेदारी के माध्यम से भविष्य में शोध, प्रशिक्षण एवं नवाचार के नए आयाम स्थापित करने की पहल की जायेगी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ़ से इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया, ताकि वे अपने जीवन को अधिक संतुलित, स्वस्थ एवं सफल बना सकें।

जीवन कौशल कार्यक्रमः ट्रस्ट द्वारा संचालित 'हार्टफुल कैंपस' कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, नैतिकता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता विकसित करने पर जोर दिया जाएगा।

इंटर्नशिप और शोधः विद्यार्थी हार्टफुलनेस के विभिन्न केंद्रों पर सामाजिक और शैक्षिक परियोजनाओं में इंटर्नशिप और शोध कार्य कर सकेंगे। निःशुल्क प्रशिक्षणः यह सहयोग मुख्य रूप से सेवा भाव पर आधारित है, जहां ट्रस्ट द्वारा दी जाने वाली बुनियादी सेवाएं निःशुल्क रहेंगी।

इस एमओयू के अवसर पर कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर भगवती प्रसाद सारस्वत, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर निमित चौधरी, वर्धमान खुला विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर बी एल वर्मा, कृषि विश्वविद्यालय कोटा की कुलगुरु प्रोफेसर विमला डूंकवाल उपस्थित रही। कोटा विश्वविद्यालय के डीन पीजी स्टडीज प्रोफेसर घनश्याम शर्मा, डॉ आशीष आसोपा सहायक आचार्य प्रबंधन भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर हार्टफुलनेस ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की।

# लोकेश गुर्जर को दसवीं में मिले 95.33 प्रतिशत अंक




स्मार्ट हलचल

**हिंडौन।** क्षेत्र के निवासी छात्र लोकेश गुर्जर पुत्र रविंद्र सिंह गुर्जर पूर्व सरपंच लपावली वाले हाल निवासी खादी भंडार के पास, बाबा की दुकान शिव कॉलोनी हिंडौन सिटी निवासी को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दसवीं में 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं जिससे क्षेत्र वासियों में खुशी का माहौल है। वही जलालपुर निवासी दीपक सिंह मावई पुत्र तारा सिंह गुर्जर को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दसवीं में 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं व पृथ्वी सिंह डागुर पुत्र पुशवीर सिंह डागुर निवासी हुक्मीखेडा को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दसवीं में 93.67 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

# बिलोता पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोपों पर कार्रवाई नहीं-जिम्मेदारों पर दोषियों को संरक्षण देने के आरोप

## दोषी लोकसेवकों व सरपंच (प्रशासक) के खिलाफ मुख्यमंत्री, लोकायुक्त सचिवालय, पंचायती राज व ग्रामीण विकास मंत्री, शासन सचिव एवं आयुक्त से दोषियों पर कार्यवाही की मांग

स्मार्ट हलचल




**टोंक/उनियारा।** उनियारा उपखण्ड क्षेत्र की पंचायत समिति उनियारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलोता में विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, गबन और अनियमितताओं की जांच में गम्भीर आरोप सामने आए हैं। जांच में दोषी पाए जाने के बावजूद संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों सहित सरपंच (प्रशासक) पर अब तक कार्रवाई नहीं होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गम्भीर सवाल उठते नजर आ रहे है। इस संबंध में परिवादी लोकेश मीणा सहित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, पंचायती राज मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री, शासन सचिव व आयुक्त को सचिवालय जयपुर में ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पंचायत में निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, अधूरे कार्यों को पूर्ण दिखाकर भुगतान उठा लिया गया तथा विभिन्न योजनाओं में भारी अनियमितताएं की गई। स्कूल भवन, शौचालय निर्माण, सीसी व इंटरलॉकिंग सड़क और मनरेगा कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी कर वित्तीय गड़बड़ियां की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में पात्र परिवारों को वंचित कर अपात्र लोगों को लाभ देने के आरोप भी लगाए गए हैं। वहीं मनरेगा योजना में फर्जी मस्टररोल चलाकर मृतक व बाहर रह रहे लोगों के नाम पर भुगतान उठाने और एक ही व्यक्ति की फर्जी फोटो हाजिरी सॉफ्टवेयर में अपलोड कर फर्जी उपस्थिति दर्ज करने जैसे गंभीर मामले सामने आए हैं। इतना ही नहीं सरपंच /प्रशासक सुरेश मीणा को नियम विरूद्ध बिना स्वीकृति सरकारी हरे पेड़ कटवाने के मामले में दोषी ठहराया जा चुका हैं। जांच में दोषी पाए गए कार्मिकों से ही कई बार गलत तरीके से जांच करवाई गई, जिसके चलते अब तक दोषियों के विरुद्ध कानूनी, गबन रिकवरी व निलंबन की कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में बताया गया कि जिला प्रशासन की जांच में ग्राम पंचायत बिलोता और पंचायत समिति स्तर के कुछ अधिकारी व कार्मिक दोषी पाए गए हैं, लेकिन उनके खिलाफ अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। जिला परिषद टोंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका ने 14 फरवरी 2026 को पत्र जारी कर दोषी सरपंच (प्रशासक) सुरेश मीणा को पद से हटाने का प्रस्ताव शासन सचिव एवं आयुक्त को भेजा है।वहीं सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी जसराम मीणा एवं वर्तमान ग्राम विकास अधिकारी जगमोहन मीणा के खिलाफ भी विभागीय व कानूनी कार्रवाई के लिए जिला परिषद को पत्र भेजे जा चुके हैं। दोनों के खिलाफ चार्जशीट व 17 सीसीए नोटिस जारी किए जाने की भी पुष्टि हुई है, लेकिन कार्रवाई अभी जिला परिषद स्तर पर लंबित है।ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ जिम्मेदार अधिकारी दोषियों को संरक्षण दे रहे हैं और जांच प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है। परिवादी लोकेश मीणा निवासी खेड़ली बालाजी, शिवराज बारवाल सहादत नगर सहित ग्रामीणों ने मांग की है कि दोषी लोकसेवकों और सरपंच (प्रशासक) सुरेश मीणा को तत्काल निलंबित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी व विभागीय कार्रवाई की जाए तथा गबन की राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए। वहीं ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे न्यायालय की शरण लेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

सोप कस्बा में कम आवंटन से राशन संकट

# वार्ड 1-4 के सैकड़ों परिवार गेहूं से वंचित-प्रशासन से त्वरित आपूर्ति की मांग

स्मार्ट हलचल





**टोंक/अलीगढ़।** उनियारा उपखण्ड क्षेत्र के सोप कस्बे के वार्ड संख्या 1 से 4 में इस माह मार्च 2026 के दौरान खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले गेहूं के वितरण में भारी अव्यवस्था सामने आई है। कम आवंटन के कारण सैकड़ों राशनकार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा में गेहूं नहीं मिल पाया, जिससे आमजन में रोष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार इन वार्डों में कुल 333 राशन कार्ड दर्ज हैं, जिनके लिए लगभग 70 क्विंटल गेहूं का कोटा निर्धारित है। लेकिन इस बार राशन डीलर को केवल 49 क्विंटल 43 किलो गेहूं ही प्राप्त हुआ।परिणामस्वरूप 224 राशन कार्डधारकों को ही गेहूं मिल सका, जबकि 109 परिवार अभी भी अपने हक से वंचित रह गए। राशन वितरण की अवधि 1 से 15 मार्च निर्धारित है, लेकिन तय समय के भीतर पूरा स्टॉक उपलब्ध नहीं हो पाया। स्थानीय उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें बार-बार राशन की दुकान के चक्कर लगाने पड़े। कई लोगों को मजदूरी छोड़कर आना पड़ा, जिससे उनकी दैनिक आय पर भी असर पड़ा। राशन डीलर शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि वितरण पूरी तरह सरकारी सूची और प्राप्त आवंटन के अनुसार किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार आवंटन कम मिलने और तेज वितरण के कारण सभी उपभोक्ताओं को गेहूं उपलब्ध कराना संभव नहीं हो पाया।उन्होंने प्रशासन से शेष उपभोक्ताओं के लिए अतिरिक्त गेहूं उपलब्ध कराने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि भविष्य में राशन वितरण के लिए स्पष्ट और व्यवस्थित योजना बनाई जाए, ताकि सभी पात्र परिवारों को समय पर और समान रूप से खाद्यान्न मिल सके। वार्ड के बुजुर्गों और महिलाओं ने भी मांग की है कि राशन आपूर्ति में पारदर्शिता और नियमितता सुनिश्चित की जाए, जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। कुल मिलाकर, सोप कस्बे में दो-तीन दिनों में 49 क्विंटल 43 किलो गेहूं का वितरण तो कर दिया गया, लेकिन कम आवंटन के कारण बड़ी संख्या में परिवार अपने अधिकार से वंचित रह गए हैं। अब सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई और अतिरिक्त आपूर्ति पर टिकी हुई है।

# दसवीं का रिजल्ट जारी होते ही छात्रा ने उठाया आत्मघाती कदम

स्मार्ट हलचल



**आसींद/ब्यावर।** दसवीं कक्षा का परिणाम जारी होते ही एक दुखद घटना सामने आई है। फेल होने के कारण मानसिक तनाव में आकर एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और स्तब्धता का माहौल है। जानकारी के अनुसार, मृतक छात्रा वंशिका रेगर मूल रूप से सड़क कबाडिया, करेड़ा (भीलवाड़ा) की रहने वाली थी, जो वर्तमान में अपने परिवार के साथ ब्यावर में रह रही थी। छात्रा के पिता धर्मचंद रेगर एवं माता सोनू देवी रेगर हैं। बताया जा रहा है कि दसवीं कक्षा के परिणाम में असफल होने के बाद वंशिका काफी तनाव में थी, और इसी मानसिक दबाव में उसने यह दुखद कदम उठा लिया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे इलाके में गहरा दुख व्याप्त है।

# इंटेक ने पद्मिनी पार्क में मनाया गणगौर उत्सव




**चित्तौड़गढ़।** नगर परिषद् द्वारा पद्मिनी पार्क में आयोजित गणगौर उत्सव में भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटेक संस्था द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और गणगौर संबंधित प्रश्नोत्तरी करके महिलाओं का उत्साह बढ़ाया।

गणगौर उत्सव कार्यक्रम में सजी-धजी महिलाएं पारंपरिक संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत कर रही थी। कार्यक्रम में इंटेक की कन्वीनर डॉ. सुशीला लड्ढा ने बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को गणगौर पर्व की महिमा, महत्व विशेषताओं एवं प्रचलित सांस्कृतिक परंपराओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान इंटेक सदस्य लीला अगाल द्वारा रोचक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें शशि जागेटिया ने सहयोग दिया। इस क्विज प्रतियोगिता में महिलाओं ने प्रश्नों के जवाब देकर पुरस्कार प्राप्त किये। इंटेक के इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व प्रसिद्ध राजस्थानी संस्कृति व परंपराओं को जीवित रखना एवं नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।

# विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन, स्वास्थ्य समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

स्मार्ट हलचल




**ब्यावर।** जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को 'विश्व क्षय रोग दिवस' के अवसर पर जिले में टीबी उन्मूलन के संकल्प के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की छात्राओं द्वारा निकाली गई। जन-जागरूकता रैली ने शहरवासियों को टीबी मुक्त भारत का संदेश दिया, वहीं कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जनहित की योजनाओं की प्रगति जांची गई।

रैली के माध्यम से दिया टीबी मुक्ति का संदेश

प्रातः 9:30 बजे जिला कलेक्ट्रेट परिसर से भव्य जागरूकता रैली को अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्ब्रह्मलाल जाट, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत और अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लोकेश कुमार कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कोर्ट परिसर और भगत चौराहा होते हुए जिला क्षय निवारण केंद्र पर संपन्न हुई। रैली के दौरान छात्राओं ने टीबी के लक्षणों, समय पर जांच और सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे निःशुल्क उपचार के बारे में नारे लगाकर आमजन को जागरूक किया।

रैली के पश्चात जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत ने लाडो प्रोत्साहन योजना, जननी सुरक्षा योजना, पूर्ण टीकाकरण और एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान की समीक्षा की। उन्होंने एनसीडी सेवाओं के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग और फॉलोअप के निर्देश दिए।

विशेष निर्देश : बैठक में ऑनलाइन पोर्टल पर 'मिसिंग डिलीवरी' (पंजीकरण से वंचित प्रसव) को रोकने, आभा कार्ड और वयोवंदन कार्ड निर्माण की गति बढ़ाने पर चर्चा हुई।

निरीक्षण और निगरानीः जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री वाजिद अख्तर ने 108 एम्बुलेंस सेवाओं और ओडीके ऐप के माध्यम से चिकित्सा संस्थानों के नियमित डिजिटल निरीक्षण की जानकारी साझा की।

इस अवसर पर जिले के समस्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीएमओ और विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक का समापन जिले को स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# हालात हारे, हौसले जीतेः ठेले वाले पिता का बेटा बना टॉपरों में शामिल

## दुल्हापुरा स्कूल ने रचा 100% रिजल्ट का इतिहास

स्मार्ट हलचल

**महवा।** क्षेत्र के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल दुल्हापुरा ने इस वर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100% परिणाम हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

परीक्षा परिणाम में रितिका अवस्थी ने 82.17% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं लवकुश सैनी ने 80.83% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया और शैलेश सैनी ने 80.83% अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।

इस परिणाम की सबसे प्रेरणादायक कहानी लवकुश सैनी की रही। उनके पिता कैलाश सैनी ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने अपने बेटे की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। बेटे की इस सफलता ने न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र को गर्व का अवसर दिया। लवकुश की उपलब्धि यह साबित करती है कि मजबूत इरादों और मेहनत के आगे परिस्थितियां भी झुक जाती हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को इस उत्कृष्ट परिणाम पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

विद्यालय में इस उपलब्धि को लेकर खुशी और उत्साह का माहौल है, वहीं यह परिणाम अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनकर उभरा है।

# ब्यावर पुलिस की बड़ी सफलताः सरकारी स्कूलों में पोषाहार व सिलेंडर चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश, 3 आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के कड़े निर्देशों और 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत साकेत नगर थाना पुलिस ने सरकारी स्कूलों को निशाना बनाने वाली एक शातिर गैंग को दबोचने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पिछले लंबे समय से स्कूलों के रसोई घरों से पोषाहार सामग्री और गैस सिलेंडर चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना से मिली कामयाबी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा व वृत्ताधिकारी राजेश कसाना के सुपरविजन में थाना प्रभारी साकेत नगर ने दो विशेष टीमों का गठन किया था। पुलिस ने तकनीकी सहायता और मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ के बाद शैतान (24 वर्ष), आदित्य (22 वर्ष) और यशपाल सिंह (20 वर्ष) को दस्तयाब किया। आरोपियों ने पूछताछ में क्षेत्र के करीब 8 विभिन्न स्कूलों में चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।

### इन स्कूलों को बनाया निशाना (वारदात का विवरण)

आरोपियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने धोलादाता प्रथम, नरबदखेड़ा, गणेशपुरा, नुन्द्री मालदेव, खेजड़ला, भैसापा, जेतपुरा और खाड़िया खेड़ा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों के ताले तोड़कर सरकारी राशन और गैस सिलेंडर पार किए थे।

आरोपियों का प्रोफाइल और आपराधिक रिकॉर्ड

शैतान पुत्र त्रिलोक सिंह (निवासी दुर्गावास): पूर्व में भी चोरी के मामलों में लिप्त रहा है।

आदित्य पुत्र ओमप्रकाश (निवासी सैन्दड़ा रोड): इसके विरुद्ध देवगढ़ (राजसमंद) थाने में मारपीट व अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है।

यशपाल सिंह पुत्र बलवन्त सिंह (निवासी दुर्गावास): चोरी की वारदातों में सक्रिय सदस्य।

### माल खरीदने वालों पर भी गिरेगी गाज

पुलिस ने बताया कि आरोपियों को फिलहाल पीसी रिमांड पर लिया गया है। उनसे चोरी किया गया माल (मसरूका) बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पुलिस अब उन खरीददारों ('दृष्ह्द्ब1द्गह्म्ह्य') की तलाश कर रही है जो चोरी का सरकारी राशन और सिलेंडर इन बदमाशों से सस्ते दामों में खरीदा करते थे।

'सरकारी संपत्ति और बच्चों के निवाले पर डाका डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही चोरी का माल खरीदने वालों को भी सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।'

— पुलिस प्रशासन, ब्यावर

# पुष्कर में नगर परिषद की व्यवस्थाएं बनी मिसाल

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/अजमेर।** तीर्थराज पुष्कर में चल रहे विशाल धार्मिक आयोजन के दौरान नगर परिषद पुष्कर द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहना का विषय बनी हुई हैं। राज्य सरकार की स्वच्छ व सुव्यवस्थित आयोजन की मंशा को धरातल पर उतारते हुए परिषद ने व्यापक स्तर पर तैयारियां कर रखी हैं। नगर परिषद आयुक्त जनार्दन शर्मा के निर्देशन में परिषद की टीम लगातार आयोजन स्थल पर सक्रिय रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रही है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं का बेहतर प्रबंधन देखने को मिल रहा है। परिषद द्वारा 15 कर्मचारियों की विशेष सफाई टीम तैनात की गई है, जो पूरे क्षेत्र में नियमित सफाई कार्य कर रही है। साथ ही चूना पाउडर का छिड़काव कर स्वच्छता बनाए रखी जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थाई टॉयलेट्स का निर्माण किया गया है तथा दो मोबाइल टॉयलेट भी यज्ञ स्थल के समीप लगाए गए हैं। रात्रि में सुचारू आवागमन और सुरक्षा के मद्देनजर 50 से 60 अतिरिक्त रोड लाइट्स लगाई गई हैं।

वहीं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एक फायर ब्रिगेड तीन कर्मचारियों के साथ 24 घंटे तैनात रखी गई है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बावजूद व्यवस्थाएं सुचारू रहने से स्थानीय नागरिकों और बाहर से आए श्रद्धालुओं ने नगर परिषद के प्रयासों की सराहना की है। लोगों का कहना है कि इस बार नगर परिषद ने राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए एक व्यवस्थित और सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया।

# विधायक राजेंद्र मीणा ने महुवा नगर पालिका क्षेत्र में 3 करोड़ 3 लाख रुपये की सीसी सड़कों का महिला शक्ति व आमजन के हाथों कराया लोकार्पण

स्मार्ट हलचल



**महुवा।** महुवा विधानसभा क्षेत्र मैं विधायक राजेंद्र मीणा के प्रयासों से महुवा विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास को लेकर गति तेज हो गई है विधायक राजेंद्र मीणा ने मंगलवार को नगरपालिका क्षेत्र महुवा में 3 करोड़ 3लाख रुपए की सी.सी. सड़कों का महिला शक्ति व आमजन के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं के हाथों स्वयं उपस्थित रहकर लोकार्पण करवाया।

विधायक राजेंद्र मीणा ने मंगलवार को महुवा नगर पालिका क्षेत्र मैं 3 करोड़ 3लाख रुपए की दर्जनों सीसी सड़कों का महिला शक्ति आमजन भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वयं की उपस्थिति में सीसी सड़कों का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न करवाया।

विधायक राजेंद्र मीणा ने सब प्रथम महुवा नगर पालिका क्षेत्र की विवेकानंद कॉलोनी में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य ताम्बी भवन से महेश बंसल एवं देव प्रकाश के मकान से होते हुए हिंडौन रोड़ की ओर।गुर्जर मौहल्ला में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य नेशनल हाईवे 21 से पुराने सिनेमा हॉल की तरफ। बोहरा मौहल्ला में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य भरतपुर रोड़ से नगरपालिका कार्यालय तक।माली मौहल्ला में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य पंचायत समिति चौराहे से माली मोहल्ले में नत्थी की चक्की की ओर। रामगढ़ रोड पर सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य हिंडौन तिराहे से रामगढ़ रोड़ से गली नंबर 05 तक। चौकीदार मौहल्ला में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य हुडला रोड़ से राजू के मकान तक एवं हुडला रोड़ से दीपचंद महावर के मकान की ओर। ब्राह्मण मौहल्ला में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य हुड़ला रोड़ से हरसहाय शर्मा के मकान से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की ओर तक की सीसी सड़कों का लोकार्पण कर आमजन राहत पहुंचाने का कार्य किया।

इस अवसर पर विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए किसी प्रकार की धन की कमी नहीं आने दी जाएगी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी पहली प्राथमिकता है नगरपालिका क्षेत्र महुवा के लिए एक महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण दिन रहा। क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से करीब एक दर्जन से अधिक सी.सी. सड़क निर्माण कार्यों (लागत लगभग 3 करोड़ 3 लाख रुपए) का महिला शक्ति आमजन एवं कार्यकर्ता बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया।यह केवल सड़कों का निर्माण नहीं, बल्कि महुवा के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। इन विकास कार्यों से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति प्राप्त होगी।आप सभी के स्नेह, विश्वास और सहयोग से ही यह विकास यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है। मैं महवा की समस्त जनता, वरिष्ठजनों एवं अपने समर्पित कार्यकर्ता साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि मेरा संकल्प है कि क्षेत्र के समग्र विकास, सुशासन एवं जनसेवा के लिए इसी प्रकार निरंतर कार्य करता रहूं और महुवा को एक आदर्श नगरपालिका क्षेत्र के रूप में स्थापित करूं।आइए, हम सब मिलकर विकास की इस यात्रा को और सशक्त बनाएं। विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि आप सब महुवा विधानसभा क्षेत्र के आम जन ने मुझे राजस्थान की सबसे बड़ी पंचायत विधानसभा में भेजा है जहां मैं आप सब की आवाज बनकर आपके सर्वांगनीय विकास के लिए आपकी आवाज बनकर क्षेत्र का विकास करने का सौभाग्य मुझे मिला है उसके लिए मैं आप सबका दिल से बहुत-बहुत धन्यवाद के साथ आप सबका आशीर्वाद मुझ पर इसी प्रकार बना रहे।

इस अवसर पर महुवा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा, प्रसिद्ध कवि पूरण बेधड़क ,सुधा गुप्ता, भगवान सहाय तिवारी, कुलदीप सिंह मनोज गुर्जर, विजय सिंह चौहान, नेमीचंद खेडली वाले, दिनेश कपड़े वाले, खेमचंद केवड़िया, दिनेश मार्बल वाले, गोपुत्र अवधेश अवस्थी, देव प्रकाश मानिक सतीश सेन,वेद प्रकाश पावटा वाले, राजकुमार करीरी वाले,पार्षद माधव खंडेलवाल, हरि खंडेलवाल, महेंद्र तेगरवाल, हेमेंद्र तिवारी ,हितेश जैन, कालू प्रजापत, सहित सैकड़ो भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता आमजन मातृशक्ति सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# डीआईजी योगेश यादव ने डीवाईएसपी कार्यालय का किया निरीक्षण



स्मार्ट हलचल

**निवाई।** एटीएस डीआईजी योगेश यादव ने मंगलवार को डीवाईएसपी कार्यालय का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस के जवानों ने डीआईजी योगेश यादव को गॉड ऑफ ऑनर दिया। एसपी राजेश कुमार मीणा व एडीशनल एसपी रतन लाल भार्गव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डीआईजी यादव ने कार्यलय में संबंधित कार्यों का किया निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीओ सर्किल के थानाधिकारियों से चर्चा की और थानों में पेंडेंसी मामलों को अति शीघ्र निस्तारण करने के दिए निर्देश दिए। इस दौरान डीआईजी यादव ने डीवाईएसपी कार्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा, थानाधिकारी घासीराम मीणा, सदर थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद व दतवास थानाधिकारी हीरालाल मौजूद थे।



# समर वेडिंग के लिए परफेक्ट हैं फ्लोरल लहंगे

**गर्मी** का मौसम शुरु हो गया है। इस मौसम में अगर आपको किसी शादी में जाना हो तो सबसे पहले मन में यही ख्याल आता है कि इतनी गर्मी में डीप कलर के हेवी लहंगे या साड़ियां पहनी कैसे जाएंगी। तो आपकी इस समस्या का हल है फ्लोरल लहंगे। लाइट और ब्राइट कलर्स के फ्लोरल लहंगे समर वेडिंग के लिए परफेक्ट चॉइस है।

### ट्रेडिशनल अवतार


लाइट पिंक कलर की चिकनकारी वर्क वाली स्कर्ट के साथ पतले स्ट्रैप वाली ब्लाउज और फ्लोरल दुपट्टा...यह लुक इस लुक को अपनी किसी दोस्त या रिश्तेदार के शादी में ट्राई कर सकती हैं।

लॉन्ग फ्लोरल लहंगे के लुक वाली स्कर्ट संग मैचिंग केप डिजाइन वाली क्रॉप टॉप और खुले बाल में बेहद खूबसूरत लगेंगी। ब्राइस्डमेड के तौर पर भी आप इस लुक को गर्मी के मौसम की शादियों में ट्राई कर सकती हैं।

ऑफ वाइट कलर का फ्लोरल लहंगा स्कर्ट, मैचिंग दुपट्टा और डीप ग्रीन कलर की ब्लाउज। गर्मियों में जब लाइट और ब्राइट कलर्स का ट्रेंड रहता है, ऐसे में यह लहंगा परफेक्ट चॉइस है।

### सिंपल लुक

अगर आपको भी लाइट कलर्स पसंद हैं तो किसी दोस्त या रिश्तेदार की समर वेडिंग में इस लुक को ट्राई कर सकती हैं। पाउडर ब्लू कलर और पिंक कलर का यह लहंगा देखने में भले ही बेहद सिंपल हो लेकिन यह आपको अलग और डिफरेंट लुक देगा।



# ब्राइडल लुक को और खास बना देंगे नथ के ये डिजाइन

**भारतीय** दुल्हन के श्रृंगार में चार चांद लगाने का काम करती है नथ जो चेहरे की खूबसूरती को और भी बढ़ा देती है। अगर आप भी जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं तो नथ लेते समय इसके नए डिजाइंस के बारे में एक बार जरूर जान लें।

दुल्हन बनने की तैयारी कर रहीं हैं और कपड़ों के साथ ही सही ज्वैलरी डिजाइंस को चुनना जरुरी है। ज्वैलरी का सबसे खास हिस्सा होता है नाक की नथ और इसके कई सारे डिजाइन आपको बाजार में मिल जाएंगे।

रिंग वाली नथ- अगर आप बहुत सिम्पल सी नथ पहनना चाहती हैं तो रिंग वाली नथ ट्राई कर सकती हैं।

जड़ाऊ नथ- जड़ी हुई नथ शादी के दिन बेहद खास लुक देती है। आप इसे जड़ाऊ लंहगे के साथ पहन सकती है।

मल्टीपल चेन वाली नथ- अगर आप ज्वैलरी डिजाइन के साथ प्रयोग करना चाहती हैं तो तीन चैन वाली नथ को पहनकर देखिए यह आपके चेहरे का लुक ही बदल देगी। इसके साथ हैवी मांगटीका भी बहुत अच्छा लगता है।

ब्रांज नथ- इसे प्योर गोल्ड से बनाया जाता है जो हल्का सा डल लुक देता है।

हूप नथ- बड़ी सी नथ पहनने से अच्छा है कि आप छोटी सी ही नोज रिंग पहनें। यह पहनने और कैरी करने में आसान रहती है।



# त्वचा की हर समस्या का समाधान रखता है शहद, जानिए इसके फायदे

**जब** भी स्किन केयर की बात होती है तो हम नेचुरल आइटम्स पर अधिक फोकस करना पसंद करते हैं। इनसे स्किन को किसी भी तरह के नुकसान होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। वहीं, दूसरी ओर यह नेचुरल इंग्रीडिएंट्स हर तरह की स्किन के लिए अच्छे माने जाते हैं। इन्हीं स्किन केयर इंग्रीडिएंट्स में से एक है शहद। शहद को लंबे समय से कभी स्किन केयर पैक तो कभी यूं ही इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें गजब के मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो आपकी स्किन को अधिक स्वस्थ और बेहतर बनाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको शहद से स्किन को मिलने वाले कुछ गजब के फायदों पर चर्चा कर रहे हैं-

### मिलती है ग्लोइंग स्किन

अगर आप अपनी स्किन को नेचुरली हेल्दी व ग्लोइंग बनाना चाहती हैं तो इसके लिए शहद से अधिक बेहतर उपाय और कोई नहीं है। शहद में त्वचा को चमकदार बनाने के गुण होते हैं और यह उपयोग के बाद यह आपके फेस पर चमक के साथ-साथ नमी भी बनाए रखता है। रूखी स्किन की महिलाएं तो इसे इस्तेमाल करती हैं ही, साथ ही साथ यह ऑयली, एक्ने और अन्य स्किन के लिए भी उतनी ही फायदेमंद है।

### निशानों को करे हल्का

शहद में प्राकृतिक एंटीसेप्टिक गुण होते हैं जो घाव भरने और निशानों को मिटाने में मदद करते हैं। ऐसे में अगर आप अपनी स्किन पर किसी तरह के निशान को हल्का करना चाहते हैं तो ऐसे में शहद के इस्तेमाल से वह धीरे-धीरे मिटने लगते हैं। आप एक्ने के दाग-धब्बों को मिटाने के लिए शहद का इस्तेमाल स्पॉट ट्रीटमेंट के रूप में कर सकते हैं।

### एजिंग के साइन्स को करे रिवर्स

अगर आप अपनी स्किन को अधिक लंबे समय तक जवां-जवां बनाए रखना चाहती हैं तो ऐसे में शहद का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। शहद में मौजूद प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करने में मदद करते हैं। शहद चेहरे पर झुर्रियों और महीन रेखाओं की उपस्थिति को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं, शहद को चेहरे पर लगाने से स्किन की इलास्टिसिटी बेहतर होती है, जिससे वह जवां और चमकदार दिखती है। आप हर सप्ताह शहद का मास्क लगा सकती हैं और अपनी स्किन को अधिक यंगर बना सकती हैं।

### सनबर्न से राहत

अगर आपकी स्किन पूरे दिन धूप में रहने के कारण डैमेज हो रही है तो ऐसे में शहद आपकी मदद कर सकता है। धूप से झुलसी त्वचा के कारण स्किन में रेडनेस, सूखापन और जलन महसूस होती है। ऐसे में अपनी स्किन को ठंडक प्रदान करने के लिए आप एक भाग कच्चे शहद को दो भाग एलोवेरा जेल के साथ मिक्स करें और सीधे प्रभावित जगह पर लगाएं। याद रखें कि आप मिश्रण को रगड़ें नहीं, बल्कि इसकी लेयर लगाकर ऐसे ही छोड़ दें। यह उपाय ना केवल सनबर्न से राहत दिलाएगा, बल्कि आपकी स्किन के रंग-रूप में भी सुधार करने में मदद करेगा।

# खूबसूरत बाल के लिए अपनायें ये उपाय

**आजकल** प्रदूषण और सही डाइट ना लेने के कारण कम उम्र में ही बाल सफेद होने लगते हैं। ऐसे में आयुर्वेदिक नुस्खों को अपनाकर आप बालों की समस्याओं से राहत पा सकती हैं। कई बार ध्यान न देने की वजह से लोगों के बाल रूखे-सूखे और बेजान होने के साथ कम उम्र में ही झड़ने लगते हैं। ऐसे में अपने बालों को फिर से लंबे और खूबसूरत बनाने के लिए आयुर्वेद नुस्खे अपना सकती हैं।

मेथी दाना- मेथी दाने में भरपूर मात्रा में फोलिक एसिड, विटामिन ए, विटामिन के और विटामिन सी पाया जाता है। इसमें प्रोटीनऔर निकोटीन एसिड भी पाया जाता है, जिससे झड़ते बालों की समस्या दूर हो जाती है। स्कैल्प हेल्दी रहती है और बाल डैमेज नहीं होते हैं। इसके लिए आप अपनी डाइट में भी मेथी दाना शामिल कर सकते हैं। रात में 2 चम्मच मेथी दाने को पानी में भिगो दें। अगली सुबह वो पानी पी लें। बचे हुए मेथी दाने को पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को जड़ों में लगाकर 20 मिनट बाद बाल धोलें। बाल जल्दी घने, लंबे और मजबूत बनेंगे।

आंवला- डाइट में विटामिन सी की कमी के कारण भी बाल झड़ने लगते हैं और बालों में डैंड्रफ की समस्या होने लगती है। लेकिन आंवले के सेवन और बालों में आंवले के तेल से मालिश करने से बालों की सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं। साथ ही बाल लंबे समय तक काले रहते हैं।

दही- दही में कूलिंग प्रॉपर्टीज होने के साथ प्रोटीन भी पाया जाता है। प्रोटीन स्कैल्प की हेल्थ और नए फोलिसल्स की ग्रोथ के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। अपने बालों पर दही से मसाज करें और 15 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद शैंपू से सिर धो लें। बालों पर दही लगाने से बाल मजबूत होने के साथ कोमल और मुलायम भी बनते हैं।

बालों के झड़ते बालों की समस्या को दूर करने के लिए छाछ, दालचीनी, तरबूज, अंगूर आदि चीजों का सेवन करना चाहिए। इनके सेवन शरीर को जरूरी पोषक मिलते हैं, जो बालों को सेहतमंद बनाने के लिए जरूरी होते हैं।





# इस प्रकार सुंदर और लंबे होंगे नाखून

**लड़कियों** को लंबे-लंबे नाखून रखना पसंद होता है, लेकिन इन्हें लंबा करना कोई आसान काम नहीं होता। अगर आसान होता तो हर किसी के हाथ में लंबे नाखून देखने को मिलते। कई लड़कियों के नाखून लंबे होते है तो सुंदर नहीं होते। नाखूनों को सुंदर और लंबा इस प्रकार बनायें।

बहुत सारी महिलाओं के नाखून बढ़ते तो हैं लेकिन कमजोर होने के चलते जल्दी टूट जाते हैं। ऐसा हमारे शरीर में पोषक तत्वों की कमी के कारण होता है, इसलिए सबसे पहले आपको अपनी डाइट में बदलाव करना होगा। आपको कुछ ऐसी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करना होगा जिनसे आपको पोषक तत्व मिलें।

### संतरे का रस

संतरे के रस को दस मिनट तक अपने नाखूनों पर लगाएं। इसके बाद अपने हाथों को गुनगुने पानी से धो लें। कुछ दिन तक ऐसा करने से आपके नाखून कुछ दिनों में बढ़ने लगेंगे।

### ऑलिव ऑयल

नाखून लंबे करने के लिए रोजाना ऑलिव ऑयल से नाखूनों की मालिश करें। विटामिन ई से भरपूर ऑलिव ऑयल नाखूनों को पोषण प्रदान करता है और खून का फ्लो नाखूनों तक बढ़ाता है जिससे नाखून तेजी से बढ़ना शुरु हो जाते हैं।

### लहसुन

नाखूनों को बढ़ाने के लिए लहसुन एक बेहतरीन उपाय माना जाता है। लहसुन को दो टुकड़ों में काट कर उसे 10 मिनट तक अपने नाखूनों पर रगड़ें। ऐसा करने से आपके नाखून कुछ ही दिनों में अच्छे खासे बढ़ जाएंगे।



# गर्मी में डेनिम वियर से मिलेगी राहत

**गर्मी** के मौसम में खानपान के साथ ही पहनावे का भी भी विशेष ध्यान रखना पड़ता है। इस मौसम में गरमी से राहत पाने के साथ ही स्टाइलिस दिखने के लिए आप डेनिम कपड़ों का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह कपड़े घर बाहर और ऑफिस सब जगह पहने जा सकते हैं।

डेनिम पैंट- डेनिम पैंट का हर समय चलन रहता है पर गरमी के मौसम में डेनिम पैंट आपके लिए काफी आरामदायक रहती है।

डेनिम शर्ट और कुर्ती - गर्मी में आप डेनिम की शर्ट और कुर्ती पहन सकती हैं। ये परिधान इस मौसम में आरामदायक होने के के साथ देखने में अच्छे भी लगते हैं।

डेनिम मिडी स्कर्ट- इस गर्मी के मौसम में आप डेनिम का मिडी स्कर्ट ट्राई कर सकती हैं। यह मिडी स्कर्ट आपको गर्मी से राहत दिलाएगी और काफी हद तक स्टाइलिस भी है।

डेनिम जैकेट- धूप से बचने के लिए आप डेनिम जैकेट को पहन सकती हैं। यह आपको स्टाइलिस लुक देने के साथ ही गरमी की तपिश से बचाएगा।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com